शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 104 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को दी चुनौती

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकील प्रशांत भूषण की एक याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। इस याचिका में प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान को चुनौती दी है। प्रशांत भूषण के वकील जयंत भूषण के उपलब्ध न होने के चलते जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी।

**क्या है मामला**
प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में प्रावधान में संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने जनवरी 2016 में प्रशांत भूषण की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका में पासपोर्ट कानून, 1967 की धारा 6(2)(एफ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि किसी अपराध के आरोपी को पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता। साल 1993 में एक नोटिफिकेशन के जरिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया और बदलाव के तहत आरोपी को अदालत से एनओसी जारी करने पर एक साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है। दरअसल प्रशांत भूषण ने एक धरना प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके तहत उन्हें गाजियाबाद स्थित पासपोर्ट के रीजनल सेंटर से सिर्फ एक साल के लिए पासपोर्ट जारी हो रहा था। ऐसे में प्रशांत भूषण ने इस प्रावधान को चुनौती देने का फैसला किया।

## चुनाव में हम किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे: भारत

**नई दिल्ली**
भारत में हो रहे आम चुनावों में पश्चिम के हस्तक्षेप वाले रूसी बयान पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि हम किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में अगर कोई बाहर से हस्तक्षेप करना चाहे तो यह सरासर गलत है और वह कभी भी इसमें सक्षम नहीं होगा।

# 65 साल में 7.8% घटी हिंदू आबादी: रिपोर्ट

### 1950 से लेकर 2015 तक हिंदुओं की आबादी में 7.8% की गिरावट आई है, जबकि मुस्लिम की आबादी में 43.15% का इजाफा हुआ

**नई दिल्ली**
**भारत में** 1950 से लेकर 2015 तक हिंदुओं की आबादी में 7.8% की गिरावट आई है। जबकि मुस्लिम की आबादी में 43.15% का इजाफा हुआ। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में ये बात सामने आई है।

**रिलीजियस माइनॉरिटीज**
क्रॉस-कंट्री एनालिसिस (1950-2015) रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जैनों की जनसंख्या में भी गिरावट आई है। 1950 में जैनों की आबादी 0.45% थी, जो 2015 में घटकर 0.36% रह गए। ये रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट शमिका रवि, अब्राहम जोस और अपूर्व कुमार मिश्रा ने तैयार की है। अब लोकसभा चुनाव के बीच आबादी रिपोर्ट पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है। उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।' वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इसे वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट करार दिया। प्रियंका गांधी ने कहा, 'हमें उन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन से जुड़े हैं। भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बनाती है।

इस रिपोर्ट के बाद सियासी तौर पर माहौल गर्म होने लगा है। भाजपा सांसद साक्षी महाराज कहते हैं कि इसके स्पष्ट मायने हैं या तो हिंदू मारे जा रहे हैं या फिर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है। साक्षी महाराज ने मांग की है कि देश में जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाना चाहिए। यह कानून राष्ट्रहित में है। उनका कहना है कि वह हिंदू और मुसलमान की बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन जो रिपोर्ट आई है वह बहुत ही आहत करने वाली है। वहीं भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी पार्टियों पर हमलावर होते हुए भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश करार दे दिया। जिस तरीके की सियासत शुरू हुई है उस पर राजनीतिक जानकारों का रुख स्पष्ट है।




## अगर कांग्रेस के हवाले कर दिया तो हिंदुओं के लिए नहीं बचेगा कोई देश: बीजेपी

**नई दिल्ली**
भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने ईएसी-पीएम की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, '1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की कमी आई है। वहीं, मुस्लिम आबादी में 43.15 फीसदी की वृद्धि हुई है। कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है। उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।' 1950 में भारत में हिंदुओं की संख्या कुल आबादी में 84 फीसदी थी जो 2015 में घटकर 78 फीसदी रह गई।

## ईएसी-पीएम की रिपोर्ट क्या है?

**प्रधानमंत्री** की आर्थिक सलाहकार परिषद ने धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पर रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में 1950 और 2015 के बीच दुनियाभर के देशों में आबादी की धार्मिक संरचना में बदलाव के बारे में बताया गया है। ईएसी-पीएम ने अपने विश्लेषण के लिए देशों के धार्मिक विशेषताओं के डेटासेट (आरसीएस-डेम 2017) का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि दुनियाभर में अल्पसंख्यकों की स्थिति को 1950 और 2015 के बीच 65 वर्षों में किसी देश की जनसंख्या में उनकी बदलती हिस्सेदारी के संदर्भ में मापा गया है। ईएसी-पीएम के विश्लेषण में 167 देशों की अल्पसंख्यकों आबादी पर अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट का दावा है कि विश्व स्तर पर बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत कम हो गई है।




**अध्ययन में क्या-क्या बताया गया है?**
ईएसी-पीएम के अध्ययन में दावा किया गया है कि जिन 40 देशों में सबसे बड़े बदलाव हुए उनमें से आधे से अधिक देश अफ्रीका में है। आरसीएस-डेम डेटासेट में परिभाषित अनिमिस्म 1950 में 24 देशों में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय था। 2015 तक यह इनमें से किसी भी देश में बहुसंख्यक नहीं रह गया। 1950 में जिन 94 देशों में ईसाई बहुसंख्यक होने की जानकारी थी, उनमें से 77 में बहुसंख्यक धार्मिक आबादी में कमी आई।

## कांग्रेस राज में हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया: स्मृति ईरानी




**अमेठी**
**जिस** तरीके से भाजपा नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू की है, उससे स्पष्ट है कि सियासत में मुद्दा अब आगे भी बढ़ने वाला है।
रिपोर्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर देखा तो नहीं है, लेकिन रिपोर्ट से जो हंगामा मचा है, वह हिंदू-मुस्लिम की राजनीति में ध्रुवीकरण की पूरी पिच तैयार कर रहा है।

देश की आबादी को लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्ययन के निष्कर्ष को लेकर केंद्रीय मंत्री व अमेठी से भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि ये इस बात का प्रमाण है कि हिंदू समाज को किस तरह प्रताड़ित किया गया। आबादी को लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, कांग्रेस की यही परंपरा रही है...हिन्दू समाज की प्रताड़ना, हिन्दू समाज को वंचित रखना, हिन्दू समाज और सनातन का अपमान करना। ये आंकड़ा प्रतिबिंब है कि कांग्रेस के राज में किस प्रकार हिन्दू समाज पर सामाजिक प्रहार हुए हैं।

हमारे समाज को जाति के आधार पर बांटने की कवायद हुई है। ये उसी का साक्ष्य है।
बता दें अध्ययन में पाया गया है कि 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की हिस्सेदारी में 7.82 फीसदी गिरावट आई है और मुस्लिमों की हिस्सेदारी 43.15 फीसदी बढ़ी है।



राष्ट्रपति ने कोनिडेला चिरंजीवी सहित अन्य को पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

## पीओके भारत का हिस्सा, लोगों के मन की बात पूरी होगी: एस. जयशंकर

### सभी दल भी गुलाम कश्मीर की वापसी के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली**
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि गुलाम कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और देश की हर राजनीतिक पार्टी उसकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह वास्तव में हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है।

**पीओके पर लोगों के मन की बात पूरी होगी**
विदेश मंत्री जयशंकर गार्गी कालेज में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि लोगों ने मान लिया था कि अनुच्छेद 370 को बदला नहीं जा सकता, लेकिन भाजपा सरकार ने अगस्त, 2019 में उसे निरस्त कर दिया। जयशंकर ने कहा कि आज देशवासियों के मन में गुलाम कश्मीर का मुद्दा भी आ गया है। यदि आपके विचारों में आ गया है तो बाकी चीजें निश्चित रूप से किसी न किसी बिंदु पर पूरी होंगी।

**गुलाम कश्मीर में लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं**
जयशंकर ने आगे कहा कि गुलाम कश्मीर में बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर राजनीतिक और मानवाधिकार संगठनों ने लंबा मार्च निकाला है। साथ ही 11 मई को पीओके के मुजफ्फराबाद में धरने का आह्वान किया है।

यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) और ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने संयुक्त बयान में घोषणा की है कि गंभीर बेरोजगारी, गेहूं और आटे पर सब्सिडी रद करने सहित अन्य मुद्दों को उठाया जाएगा।

## संदेशखाली स्टिंग वीडियो: चुनाव आयोग जाएगी टीएमसी



**कोलकाता**
संदेशखाली के स्टिंग वीडियो मामले में टीएमसी भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत करने की तैयारी कर रही है। संदेशखाली के स्टिंग वीडियो में एक नेता ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि संदेशखाली की साजिश शुभेंदु अधिकारी ने रची थी और महिलाओं से दुष्कर्म के आरोप मनगढ़ंत थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें संदेशखाली में भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर कायल होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने बताया कि संदेशखाली की पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी शामिल हैं।

**शुभेंदु अधिकारी पर लगे आरोप**
: एक मीडिया चैनल द्वारा यह स्टिंग ऑपरेशन किया गया था। इस वीडियो में कायल को कहते हुए सुना जा सकता है कि संदेशखाली में यौन उत्पीड़न की शिकायतें शुभेंदु अधिकारी के कहने पर दर्ज की गईं। वीडियो के सामने आने के बाद टीएमसी भाजपा पर हमलावर है। वहीं बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का आरोप है कि स्टिंग ऑपरेशन फर्जी है और इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से बनाया गया है।
सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि संदेशखाली का स्टिंग वीडियो साजिश के तहत जारी किया गया है, उन्होंने चुनाव के समय इस वीडियो के सामने आने पर सवाल उठाए। सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह वीडियो संदेशखाली की सच्चाई दबाने के लिए टीएमसी नेताओं ने ही जारी किया है।

## कैदियों की भीड़ कम करने का समाधान हो सकती है खुली जेल: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
देश की सर्वोच्च अदालत ने कैदियों के पुनर्वास पर टिप्पणी करते हुए खुली जेलों का सुझाव दिया है। अदालत ने कहा है कि खुली जेल की मदद से कैदियों की अधिक भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। खुली या आंशिक रूप से खुली जेल में कैदियों को दिन के समय में परिसर के बाहर काम करने दिया जा सकता है, जिससे



कि वह अपने जीवन यापन के लिए कुछ कमा सकें। इसके बाद काम निपटा कर शाम को सभी कैदी जेल में वापस लौट सकते हैं।

**कैदियों की याचिका पर की गई सुनवाई**
अदालत ने यह सुझाव इसलिए दिया क्योंकि कैदी भी समाज से जुड़ सकें और उनका मनोवैज्ञानिक दबाव कम हो सके। कैदियों की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी आर गवई और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि पूरे देश में खुली जेलों के प्रसार पर ध्यान देने की जरूरत है। पीठ ने कहा राजस्थान में इस तरह की व्यवस्था है।

## कांग्रेस खो चुकी जनता का विश्वास: सीएम नायब सिंह

**पानीपत**
**हरियाणा सर**कार से तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। जिसके बाद राजनीतिक नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के लोग विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे, तब हमने विश्वास मत हासिल किया। कहा कि जब विधानसभा सत्र चलेगा तब इस पर बात होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कांग्रेस को जल्दी है, लेकिन हमारे साथ जनता का विश्वास है।
कांग्रेस तो जनता का विश्वास खो चुकी है। वहीं, पानीपत में मंत्री व भाजपा नेता महिपाल ढांडा के आवास पर पूर्व सीएम से मिलने के लिए जजपा के विधायक पहुंचे।

## थल सेनाध्यक्ष का देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर

### सैन्य जीवन अलविदा कहने पर बदल जाती है जिम्मेदारी की दूसरी पारी

### पूर्व सैनिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना भारतीय सेना की प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली**
थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य जीवन अलविदा कहने पर उनकी राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी दूसरी पारी में बदल जाती है।




उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उनके लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भारतीय सेना की प्रतिबद्धता दोहराई। थल सेनाध्यक्ष गुरुवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शिखर सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें अनुभवी उद्यमी, व्यवसाय और उद्योग क्षेत्र के अग्रणी दिग्गज, कॉर्पोरेट संस्थाएं, सरकार और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों को एक आम मंच पर एक साथ लाना था, ताकि उद्यम की आवश्यकताओं और दिग्गजों के पास मौजूद मुख्य दक्षताओं के बीच अंतर को कम किया जा सके। शिखर सम्मेलन ने उद्योग, सार्वजनिक उपक्रमों और अर्ध सरकारी संगठनों के साथ अनुभवी समुदाय के संबंधों को मजबूत करने में सहायता की।

थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे ने अपने मुख्य भाषण में देश की समृद्धि में दिग्गजों के अमूल्य योगदान पर जोर देते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुभव का उपयोग कई कॉर्पोरेट घरानों में किया जा सकता है। सीओएएस ने उल्लेख किया कि सैन्य जीवन अलविदा कहने पर उनकी राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी दूसरी पारी में बदल जाती है। उन्होंने सभी से 'भूतपूर्व सैनिक, अलौकिक योगदान' शब्दों की क्षमता को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के साथ समग्र कौशल प्रमाणन की प्रक्रिया शुरू की है। यह शिखर सम्मेलन भारतीय सेना के दिग्गजों के लिए इको-सिस्टम विकसित करने का एक प्रयास था। विभिन्न क्षेत्रों के पैनलिस्टों ने नई भूमिकाओं में दिग्गजों के लिए नए रास्ते, क्षमता, चुनौतियों और पहल के संपूर्ण परिदृश्य पर व्यावहारिक दृष्टिकोण सामने रखे। दूसरे करियर में खुद को स्थापित करने वाले दिग्गजों ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं।

# विवाहिता ने आत्महत्या करने का किया प्रयास

## विवाहिता के पिता के तहरीर पर ससुरालजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अखण्ड भारत संदेश



**मांडा।** विगत दिनों विवाहिता द्वारा सुसरालजनों के खिलाफ भारतगंज पुलिस चौकी पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं पुलिस तत्काल मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया और पूछताछ कर कार्रवाई की बात कही तो मौके पर विवाहिता के भाई धर्मवीर सोनकर ने बहन को समझा बुझाकर एक साथ मिलकर रहने की बात कहा। पुलिस ने दोनों पक्षों की आपसी समझौता को सुना । और दोनों पक्षों ने सहमति जताई की पुलिसिया कार्रवाई नहीं चाहते हैं। गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी भारतगंज अंतर्गत महेवा कला निवासी दिलीप सोनकर ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया की विवाहिता उनकी बेटी नीलू की शादी वर्षों पूर्व भारतगंज पुलिस चौकी के वार्ड नं तीन गारोपुर गाव मे हिन्दू रिवाज के साथ सम्पन्न हुई। शादी बाद ससुरालीजनों ने दहेज मे दो लाख की मांग को लेकर प्रताड़ना शुरु किया। इस दौरान विवाहिता ने अपने मायके वरदात बताई। गत दिनों विवाहिता के गहने को बीमारी से जूझ रहे उनके पति ने इलाज के लिए गिरवी रखने के मामले को लेकर पुलिस चौकी पर दोनो पक्षो मे समझौता भी हुआ था। लेकिन गुरुवार को विवाहिता के पिता दिलीप सोनकर के तहरीर पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में ससुरालजनो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं आग से झुलसी विवाहिता का इलाज एसआरएन प्रयागराज में चल रहा है। विवाहिता की गहना गिरवी रखना ही ससुरालजनो को महंगा पड़ा। एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत दिनों में विवाहिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा पूरा गहना लेकर गिरवी रख दिया गया है। मांगने पर मुझे मारते पीटते है। उक्त मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए चौकी प्रभारी भारतगंज ने दोनों पक्षों को बुलाया और पूछताछ के बाद दोनों पक्ष आपस में समझौता कर लिया। वहीं गुरुवार को विवाहिता के पिता के तहरीर पर ससुरालजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कराया जा रहा है। विवाहिता के सुसराल में उनके घर के आस - पास के लोगों ने बताया कि उसके टीबी के मरीज है गरीबी के मार से जूझ रहे और इलाज के लिए पत्नी का गहना गिरवी रख दिया है जिससे वह आए दिन परिवार में तांडव मचाई हुई है।

## स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल

**सहसों।** स्कॉर्पियो कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय इनायत थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी लालचंद साहू अपने चचेरे भाई गुरु प्रसाद साहू के साथ बाइक से फूलपुर तहसील में खेत की रजिस्ट्री करने गए थे। वहां से घर वापस लौटते समय सायंकाल लगभग 5 बजे वह जैसे ही थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि एक स्कॉर्पियो वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे सड़क पर गिरकर दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन एवं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों भाइयों को आनन फानन में शहर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस दौरान मौका पाकर स्कार्पियो चालक सहित घटनास्थल से फरार हो गया।

# जागा स्वास्थ्य विभाग अस्पताल किया गया सीज

**खबर का असर**

प्रसव के बाद निजी अस्पताल के संचालक की लापरवाही पूर्वक इलाज से महिला और उसके बच्चे की मौत का मामला

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** बीते मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार में स्थित एक निजी अस्पताल के संचालक द्वारा किए गए लापरवाही पूर्वक इलाज से प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने और बाद उसकी तथा उसके नवजात बच्चे की मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा एक्शन लेते हुए अस्पताल को सीज कर दिया है जिससे प्राइवेट अस्पताल संचालकों में खलबली मची हुई है।

उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के मनू का पूरा गांव निवासी रोहित बिंद की पत्नी सोनम को प्रसव पीड़ा होने के बाद परिजन आनन फानन में उसे रामनगर स्थित लक्ष्मी हास्पिटल में भर्ती करा दिया था। जहां अस्पताल के संचालक द्वारा लापरवाही पूर्वक किए गए दवा इलाज से प्रसव के बाद महिला की हालत काफी बिगड़ गई थी जिसके बाद परिजन उक्त अस्पताल के संचालक के साथ उसे प्रयागराज स्थित अस्पताल ले जाय गया था। जहां इलाज के दौरान महिला सोनम (28) और उसके बच्चे की मौत हो गई थी। महिला एवं उसके बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने उक्त अस्पताल में जमकर बवाल एवं हंगामा काटा था और अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाकर मेजा पुलिस को तहरीर दी थी। गौरतलब है कि पूरा प्रकरण स्थानीय मीडिया कर्मियों की जानकारी में आने पर उक्त मामला अखबारों की सुर्खियों में आ गया जिसके बाद कुंभकर्णी निद्रा में सोया स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ गई और बृहस्पतिवार को उक्त अस्पताल एवं उसके संचालक पर कड़ा एक्शन लेते हुए दस्तावेजों के अभाव में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अस्पताल को सीज कर दिया गया।

# संदिग्ध परिस्थितयों में वृद्धा ने कमरे में फांसी लगा कर दी जान

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा के बोमा गांव निवासिनी एक

वृद्धा ने कमरा बंद कर खुदकुशी कर ली, शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा के इलाके के बोमापुर में एक वृद्धा ने कमरा बंद कर पंखा में साडी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना संदिग्ध पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर अन्तिम संस्कार के लिए ले जाया गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बोमापुर निवासनीय शीला देवी 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय कन्हैयालाल यादव बुधवार को रात में भोजन आदि करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। गुरूवार को सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दरवाजा तोड कर छत के पंखे पर साडी के सहारे फंदा बंधा हुआ शव झूलता हुआ मिला।शव नीचे उतरवा कर पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतका के दो पुत्र मनोज कुमार विनोद कुमार तथा एक पुत्री है। बताया गया है कि शीला देवी दो बेटों में से किसी के यहां भोजन कर लेती थी।शीला देवी आत्म हत्या क्यों किया।यह कोई बता नहीं पा रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव पहुंचा तो परिजन शव रसूलाबाद घाट पर अन्तिम संस्कार करने के लिए पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। इसे लेकर गांव में अनेकों प्रकार की चर्चाएं व्याप्त है।

# विद्यालय में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**सहसों।** सेंट जार्ज स्कूल रामनगर के प्रांगण में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। विद्यालय प्रबंधक शिवा कांत पांडे ने सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप अदम्य साहस और पराक्रम के धनी थे। जब मुगलों का अत्याचार बढ़ गया था तब महाराणा प्रताप ने अपने साहस का परिचय देते हुए मुगल फौज को उल्टे पांव भागने को मजबूर कर दिया था। उनकी वीरगाथा आज के युवा नौजवानों के लिए एक प्रेरणादाई साबित हो रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षको में पिंकी पांडे, मधुबाला त्रिपाठी, अशोक सिंह, अरुण मिश्रा, निशा शर्मा, विधि पांडे, प्रिया शुक्ला, अंकित गुप्ता, राहुल गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# यमुना पंप नहर पड़ुवा पर संकट के बादल

अपने कमाई के लिये, किसानों का भविष्य दांव पर लगा रहे अधिकारी

**लालापुर।** सरकार किसानों की सिंचाई की सुविधा के लिये करोड़ों खर्च कर रही है। इसी क्रम में पडुवा गांव स्थित यमुना पंप नहर में करोड़ों रुपये के बजट से नवीनीकरण का कार्य कराया जा रहा है।इस कार्य को करने के लिये अधिकारियों ने अपने चहेते ठेकेदार को चुन कर ज्यादा से ज्यादा काम अपने से करा रहे हैं।पैसा बचाने की इतनी बड़ी हवस लगी की पाइप लाइन के पास से निकलने वाली मिट्टी को पंप नहर के पास ही यमुना नदी की धारा के तरफ डंप करा दिया।पंप के पास पहले से ही सिल्ट जमा हो जाने के कारण गर्मी के दिनों में नहर बंद हो जाती है।जिसकी जानकारी नहर विभाग के अधिकारियों को पहले से ही है परंतु पैसे हजम करने का तरीका अधिकारी पहले से खोज लिये हैं।करोड़ों का काम कराने वाली कार्यदायी संस्था का भी नाम पंप के अधिकारियों को नहीं पता है।पाइप लाइन का कम कर रहे नारीबारी के एक ठेकेदार ने बताया कि मुझे पाइप लाइन बदलने का कार्य बारह लाख में दिया गया है।पंप के कर्मचारी भी कुछ पूछने पर बोलने से डर रहे हैं।अधिकारियों की इस मनमानी से पडुवा के प्रधान दीपेश मिश्र,डेराबारी के किसान अजय सिंह,अमर सिंह,लालापुर के चन्द्र निधान पांडेय,अधिवक्ता ब्रिजेश कुमार, दीपक पांडेय,दीपचन्द्र शुक्ल, मनोज त्रिपाठी सहित आदि ग्रामीणों ने यमुना पंप नहर पडुवा के अधिकारियों पर करोड़ों रुपये के बजट हो बन्दरबांट कर हजम करने का आरोप लगा रहे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी-** एसडीओ मोहित कुमार ने बताया कि कितने रुपये का बजट जारी हुआ है कौन कार्यदायी संस्था कार्य करा रही है।हम लोग सिर्फ कार्य की मानिटरिंग करते हैं की जो कार्य हो रहा है वो अच्छा हो और जानकारी दिल्ली हेड आफिस से मिलेगी।

## ब्लाक प्रमुख कौंधियारा की धर्मपत्नी के निधन व्यक्त की शोक-संवेदना



**करछना।** ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष प्रयागराज एवं ब्लाक प्रमुख कौंधियारा पं इंद्रनाथ मिश्र की पत्नी तथा बारा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व पं रमा कान्त मिश्र की बहू सावित्री मिश्रा(67)का बुधवार को निधन हो गया था। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार को दारागंज स्थित श्मशान घाट में किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज अकोढ़ा,मोती लाल नेहरू इण्टर कॉलेज कौंधियारा सहित उनके दर्जनों शिक्षण संस्थाओं में शोक सभा आयोजित कर शिक्षकों और छात्रों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। लोगों ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और परिवार से जुड़े हुए लोग भले ही हमारे बीच में नहीं रहते हों, किन्तु उनका धर्म-कर्म और सेवा, प्रेरणा के रूप में हमेशा जीवित रहती है। इस अवसर पर कृष्णकांत दुबे, रविकांत दुबे, शशि कांत, शिशिर कांत दुबे, नागेंद्र पाण्डेय, लालमणि मिश्र, विनोद मिश्र, रामानन्द त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, अमित पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के लिए कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान जारी



**कोरांव।** विधानसभा की जनता का इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी कुंवर उज्जवल रमण सिंह को जाति धर्म मजहब से उठकर हर समाज के लोग विधानसभा के अंदर भारी संख्या में मतदान करने को तैयार हैं। सर्व समाज के लोगों का मानना है कि लगभग 60 वर्षों से इलाहाबाद की राजनीति में स्थापित कुमार रेवती रमन सिंह के सुपुत्र उनके नक्शे कदम पर चलकर हमेशा जनता की सेवा करते रहते हैं। उनके सुख-दुख में शामिल होते रहते हैं। उनके मिलनसार स्वभाव की चर्चा पूरे विधानसभा में है। चर्चाओं में है कि विपक्षी प्रत्याशी को ना कोई जानता है, ना पहचानता है, ना उनका जनता से कोई सरोकार है, ना तो वो कभी क्षेत्र में आए हैं, ना उनको कोरांव विधानसभा की संपूर्ण स्थिति पता है। ऐसी स्थिति में सभी समाज के लोग कोरांव विधानसभा में इंडिया गठबंधन के जनप्रिय प्रत्याशी कुंवर उज्जवल रमण सिंह को मतदान कर सांसद बनाने को तैयार हैं। उनके और उनके पिता का यमुना पार के अंदर एक लंबा इतिहास रहा है उन्होंने हमेशा जन सेवा के माध्यम से राजनीति की है। उनके दरवाजे पर जाने वाला कोई भी व्यक्ति खाली हाथ कभी नहीं लौटा इस बात की पूरे विधानसभा क्षेत्र में चर्चा है। ऐसे जमीनी नेता को जनता सांसद बनाने को तैयार है। उनके करीबी नेता प्रमोद मिश्रा पयासी, शिवम सिंह बघेल, छोटू खान आदि लोगों के साथ कई गांव में दौरा कर कुंवर उज्जवल रमण सिंह को वोट करने की अपील की है।

## भीषण गर्मी में मरीजों को लू से बचने की दी सलाह : डॉ मिथिलेश सिंह



**मांडा।** इस भीषण गर्मी में लोग बाहर निकले से कतरा रहे हैं तो वही तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी से लू लगने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। साथ ही उपचार, प्रबंधन को लेकर सभी ब्लॉकों के डॉक्टरों को निर्देशित किया जा रहा है। कि लू लगने का सबसे ज्यादा खतरा वृद्ध, गर्भवती और नवजात शिशुओं को रहता है। इसके अलावा लू से अन्य लोगों को भी खतरा रहता है। डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया लू से बचाव का एक मात्र तरीका अपने शरीर को कपड़े से ढक के रखे हो सके तो धूप में निकलने से बचे। इसकी जागरूकता के लिए जिले में अलर्ट जारी किया जा रहा है। साथ ही सभी स्वास्थ्य विभागों को निर्देशित करेंगे कि लोगों को लू से बचने के उपाय बताएं। लोगों में जागरूकता फैलाएं। लू लगने के कारण व्यक्ति बीमार हो जाता है। यदि समय पर उसे इलाज नहीं मिले तो उसकी मौत भी हो सकती है। इस कारण लोग लापरवाही न बरतें और ऐसी शिकायत होने पर तुरंत स्थानीय सीएचसी के डॉक्टरों से संपर्क करे। तापमान में लगातार उतार चढ़ाव से लोगों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। इस कारण मौसमी बीमारियों व वायरल फीवर आदि के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल आने वाले मरीजों को गर्मी में खान-पान में सावधानी बरतने की भी सलाह दी जा रही है। 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई है। हालांकि गर्मी में राहत नहीं मिली। बृहस्पतिवार को भी तेज धूप के कारण लोग गर्मी से परेशान हुए। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 1 डिग्री घटकर 39.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जबकि न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री का इजाफा हुआ। इस दिन रात का तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।

# अंतिम पायदान पर पड़े व्यक्ति को अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर देना ही समाजवाद : प्रो. उमाकान्त



**करछना।** समाज के अंतिम पायदान पर पड़े व्यक्ति का सहयोग करके उसे अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर देना ही समाजवाद का असली रूप है। उक्त उदगार मुख्य अतिथि के रूप में मवैया नैनी में आयोजित विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. उमाकांत यादव ने व्यक्त किए। प्रोज्ञ यादव ने कहा कि वर्तमान राजनैतिक परिवेश में समाज की आवश्यकता अनंत है जिसके कारण समाज का कमजोर व्यक्ति अपना शैक्षिक एवं समुचित विकास नहीं कर पाता इसके लिए हम सबको आगे आना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जीत लाल यादव ने कहा कि माननीय अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना एवं पीडीए का जो फार्मूला हम सबके सामने पेश किया है, हमें इसका अनुकरण करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने कहा कि डॉक्टर लोहिया ने समाजवाद की जो कल्पना की थी वह समता स्वतंत्रता एवं बंधुत्व पर आधारित थी लेकिन पूंजीवाद अमली जामा पहनाने में बाधक हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अकाउंट ऑफिसर आशिका प्रसाद यादव ने की। गोष्ठी को इं. जगदीश यादव, सी एल यादव प्रधानाचार्य, राजेश यादव, शीतला दीन यादव ,रामकुमार यादव एडवोकेट, अभय राज एडवोकेट, धीरेंद्र सिंह, राजेश्वर यादव, राम सेन यादव ,अरुण यादव, प्रवीण यादव, श्रेयांक सहित दर्जनों वक्ताओ ने संबोधित किया। गोष्ठी के संयोजक समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह यादव ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सफलता के लिए आभार व्यक्त किया।

# न्यूज झरोखा

## देश और समाज की सेवा करते रहेंगे : शेखू नवाब



**नैनी।** नैनी इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से नामांकन करने वाले प्रत्याशी शेखू नवाब ने कहा है कि वे देश और समाज की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा है कि वे महात्मा गांधी, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण, जांच फर्नांडीस, जनेश्वर मिश्र के बताए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी समाज की स्थापना के लिए जो प्रण लिया है, उसे वे मरते दम तक निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की तैयारी की गई थी, लेकिन कुछ सत्तालोभियों और सामाजिक कुरीतियों को बढ़ावा देने वालों ने साजिश करके उनके नामांकन को रद्द करवा दिया। उन्होंने कहा है कि जो लोग झूठ और फरेब की राजनीति कर रहे हैं। उनकी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी। अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के नेता शेखू नवाब ने कहा है कि नामांकन रद्द होने से उनके हौसले कम नहीं होंगे। वे पहले भी जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे और आगे भी रहेंगे। नामांकन में सहयोग देने वाले पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए शेखू नवाब ने कहा है कि आम जनता, किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु प्रयास जारी रहेगा और भविष्य में होने वाले चुनाव में भागीदारी भी करेंगे।

## लोकतंत्र और संविधान की सुरक्षा के मद्देनजर यह चुनाव नहीं चुनौती है : नीतेश तिवारी



**मेजा।** लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के चुनावी बिगुल बजने के बाद कार्यकर्ताओं नेताओं ने कमर कस ली है। इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओ में जहां कार्यकर्ता सम्मेलन किए जा रहे हैं वहीं समाजवादी युवजन सभा यमुनापार के जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी ने समूचे यमुनापार में विधानसभा ब्लॉक और नगर स्तर पर संगठन के लोगों को प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी देकर प्रभारी बनाया है जिसमें करछना से सत्यप्रकाश सोनकर मेजा से विपिन कुमार पांडेय और कोराव से आकाश मिश्रा बारा से अंकित पाल को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार ब्लॉक और नगर स्तर पर भी प्रभारी नियुक्त किए हैं। सयुस जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी ने कहा कि यह चुनाव नही बल्कि एक चुनौती है लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से भाजपा का रास्ता रोकने का जो संकल्प लिया है उसमे इलाहाबाद लोकसभा की सीट भी शामिल है।

## जंघई भाजपा मंडल प्रभारी डॉ पूनम सिंह पटेल ने किया जनसंपर्क



**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी जंघई मंडल प्रभारी डॉ पूनम सिंह पटेल द्वारा जंघई मंडल के अनुवां गांव सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करके एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद को मतदान करने की अपील की गई। डॉ पूनम पटेल द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई गई और प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए जातिगत भेद-भाव से उपर उठकर राष्ट धर्म सर्वोपरि मानकर देश के मान सम्मान हेतु पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया।इस अवसर अशोक उपाध्याय, गामा पांडेय, श्रीशचंद्र दुबे, विवेक मिश्र, अजय पटेल, प्रदीप, नन्हे, सुनील पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक सप्ताह के अंदर मिड डे मील नही बना , तो बच्चे नहीं जाएंगें स्कूल, ग्रामीणों ने लिखित शिकायती पत्र अधिकारियों को सौंपा



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के सेमरा वीरभानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय मे एक वर्ष से मिड डे मील नहीं बन रहा है। जिसको लेकर अभिभावकों ने विरोध किया है। बताया गया है कि प्रधानाअध्यापक प्रकाश चंद्र त्रिपाठी लगभग एक वर्ष पूर्व सेवानिवृत हो गए । लेकिन वरिष्ठ शिक्षिका कल्पना मिश्रा के पदभार न लेने के कारण एक वर्ष से मिड डे मील न बनने के कारण अभिभावको में खासा रोष व्याप्त है। जिसको लेकर गुरुवार को लिखित शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी को दी।अभिभावकों ने विरोध जताया ।और कहा कि एक सप्ताह के अंदर भोजन नहीं बना तो बच्चों को विद्यालय नहीं भेजा जाएगा

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, शांति भंग में कई का चालान

**कोरांव।** थाना पुलिस कोरांव ने अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गपोली सोनकर पुत्र नेब्बू लाल को ग्राम धाव से देशी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया। साथ ही शांति भंग के अंदेशा में दो महिला सहित कुल दस लोगों को धारा 151,107,116 सीआरपीसी में निरुद्ध कर चालान कर दिया। सभी अभियुक्त अलग अलग गांव के निवासी हैं।

# मोदी-योगी सरकार ने माफिया व गुंडा मुक्त माहौल निर्मित किया : गणेश केसरवानी



भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में महापौर ने यमुनापार बारा विधानसभा में व्यापारियों से किया जनसंपर्क

**जारी।** प्रयागराज बुधवार को यमुनापार में प्रयागराज के महापौर उमेश चन्द्र ,गणेश केशरवानी ने 52 लोकसभा भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में बारा विधानसभा क्षेत्र के ,घूरपुर , गौहनिया ,जसरा,बारा, लोहगरा,शिव राजपुर, शंकरगढ़ , नारीबारी ,जारी बाजार समेत जगह ,जगह कस्बो में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता,एवं व्यापारियों ने महापौर का स्वागत किया गया महापौर ने डोर टू डोर मिलकर लोगो से जन सवांद किया। इस दौरान यमुनानगर प्रयागराज व्यापार मण्डल प्रभारी बबलू केशरवानी , कौंधियारा मण्डल अध्यक्ष शिव प्रसाद केशरवानी , अशोक केशरवानी , संतोष जायसवाल , मनोज केशरवानी, विनोद केशरवानी, आशीष केशरवानी, राजा राम सोनी, सालिकराम केसरवानी (बीडीसी,) रंजीत गुप्ता , अखिलेश केशरवानी, (बच्चा) ओम केशरी चेयरमैन, अतुल केशरवानी , नंद कुमार त्रिपाठी , राम कैलाश पांडेय , सतीश गुप्ता, दिनेश केशरवानी, संजय गुप्ता, भोला केशरवानी, नीलेश केशरवानी ,मनोज़ वर्मा , डब्बू केशरवानी, विकास गुप्ता , नीरज श्रीवास्तव , प्रांसु केसरवानी , शिवम पाण्डेय , राजकुमार अग्रहरि, रोहन केशरवानी ,विष्णु केशरवानी,समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्षों ने कसी कमर



**प्रयागराज।** प्रीतम नगर मंडल में अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर प्रयागराज द्वारा मंडल अध्यक्ष तनवीर हैदर के नेतृत्व में महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब खान की अध्यक्षता में महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेंद्र मिश्रा के द्वारा फूलपुर प्रत्याशी माननीय प्रवीण पटेल के समर्थन में जनसंपर्क किया गया जिसमें मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब खान , महामंत्री सैयद उस्मान हुसैन व मनु चावला उपाध्यक्ष बिलाल अहमद मोहम्मद शरीफ मोहम्मद एखलाक हुसैन ,सरवर निघत खान ,रुखसार संजय कुशवाहा, राजेश पटेल कमल सिंह, कुलदीप खालसा, आसिफ चौधरी इम्तियाज़ गुड्डू आतिफ रहमान अहमद नूर अफसर आलम समसुल कमर तनवीर हैदर मुस्तफा टंकी अदनान मोहम्मद मुजीब समसुल हुसैन अदनान प्रफुल्ल विलियम राकेश भारतीय मनोज शुक्ला प्रशांत शुक्ला विवेक मिश्रा और प्रीतम नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

## अनुमति लेने के बाद ही प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाये, पार्टी पदाधिकारियों, अभिकर्ताओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से व्यय से सम्बंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रपत्रों तथा उनके भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सामान्य प्रेक्षक डॉ. (टीएमटी) बी. माहेश्वरी, डॉ. मानिक जी गुरसाल, पुलिस प्रेक्षक मयूर पाटिल तथा व्यय प्रेक्षक संतोष कुमार, राजकुमार प्रजापत की उपस्थिति में गुरूवार को संगम सभागार में पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा गया। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि कोई भी निर्वाचन से सम्बंधित प्रचार-प्रसार का कार्य अनुमति लेने के बाद ही किया जाये। व्यय प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन में व्यय की जाने वाली निर्धारित सीमा का पूर्णतः पालन किया जाये। उन्होंने कहा कि व्यय की मानीटरिंग के लिए एफएसटी, एसएसटी टीम, वीडियो सर्विलांश टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, एकाउटिंग टीमें कार्य कर रही है। सामान्य प्रेक्षकगण के द्वारा कहा गया कि आदर्श आचार संहिता से सम्बंधित कोई भी शिकायत सीविजिल एप पर की जा सकती है। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि चुनाव से सम्बंधित कोई भी शिकायत या सुझाव देना चाहें, तो वह लिखित रूप में उपलब्ध करा सकते है। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार के द्वारा पार्टी पदाधिकारियों, अभिकर्ताओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से व्यय से सम्बंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रपत्रों तथा उनके भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कमेटी का किया जिला निर्वाचन ने निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सामान्य प्रेक्षक डॉ. (टीएमटी) बी0. माहेश्वरी द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बनाये गये कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कमेटी का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक महोदया के द्वारा रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए कार्यों के बारे में जानकारी ली गयी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नैनी पुलिस ने 24 घंटे में चोरी की घटना का किया खुलासा

## दो अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से नगदी एवं उपकरण बरामद

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना नैनी में 24 घंटे के अंदर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया गया नैनी थाना क्षेत्र के नई बाजार त्रिवेणी नगर निवासी महेंद्र केसरवानी के मकान में किराने की दुकान खोल रखी है। मंगलवार की देर रात चोरों ने छत के ऊपर लगे खिड़की की जाली काटकर अंदर घुस गए। चोरों ने आलमारी एवं कैस बाक्स का ताला तोड़कर उसके अंदर रखे हजारों रुपए नकदी उठा ले गए। सुबह दुकान खोलने पर घटना की जानकारी हुई। भुक्त भोगी दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पहचान करते हुए 24 घंटे के अंदर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 7393 नकदी एवं घटना में प्रयुक्त लोहे के सब्बल को बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने अपना नाम रिंकू वंशकार पुत्र राकेश वंशकार




और अभय भारतीया पुत्र मनोज भारतीया निवासी गण हरिजन बस्ती, त्रिवेणी नगर, थाना नैनी बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ धारा 457/ 380/ 411 के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

## औद्योगिक क्षेत्र में 15 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस ने बुधवार को संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान लवायन कटरा टोला से एक महिला को 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ पकड़ कर चालान कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान औद्योगिक थाने की पुलिस ने लवायन कटरा टोला से एक महिला को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम ननकी देवी पत्नी स्व.भइया लाल निषाद निवासी लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 60 आबकारी एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए चालान कर दिया।

# प्रेमिका से मोबाइल पर झगड़ा, फिर यमुना में मिली लाश

अखंड भारत संदेश



दो दिन घर से लापता था युवक ,पुलिस ने जताई सुसाइड की आशंका

**प्रयागराज।** 23 साल के हिमांशु चौरसिया की लाश गुरुवार को नए यमुना पुल के नीचे मिली। हिमांशु दो दिनों से लापता था। परिवार वालों ने शाहगंज थाने में गुमुशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया कि हिमांशु का एक लड़की से अफेयर चल रहा है। 5 दिनों से वह परेशान था। मोबाइल पर लड़की से बातचीत कर झगड़ा करने लगता था। लापता होने से पहले भी वह मोबाइल से प्रेमिका से झगड़ा करता हुआ घर से निकला था।पुलिस हिमांशु के बारे में पता लगा रही थी कि गुरुवार को कीडगंज थाना क्षेत्र के बोर्ड क्लब के पास गंगा में एक लाश बहती हुई नजर आई। गोताखोरों के जरिए पुलिस ने शव को निकाला। हिमांशु के घरवालों को बुलाकर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई।मूलरूप से यमुनापार के करछना इलाके के रहने वाले संजय चौरसिया का बेटा हिमांश प्रयागराज जंक्शन के पास एक जनरल स्टोर पर नौकरी करता था। उसका बड़ा भाई रोहन चौरसिया स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में स्थित मेडिकल स्टोर पर बैठता है। दोनों करेली के भावापुर में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। 7 मई की रात हिमांशु घर से निकला तो वापस नहीं लौटा। भाई रोहन ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।पुलिस हिमांशु की तलाश कर रही थी। गुरुवार सुबह कीडगंज इलाके में गंगा नदी में एक लाश बहती नजर आई तो कीडगंज पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शव मिलने की सूचना पर शाहगंज पुलिस भी पहुंच गए। इसके बाद हिमांशु के घरवालों को बुलाया गया। भाई रोहत ने शव की पहचान कर दी।

### भाई बोला-पांच दिन से परेशान था हिमांशु

हिमांशु के भाई रोहन का कहना है कि मामला किसी लड़की को लेकर था। पांच दिनों से हिमांशु परेशान था। वह मोबाइल पर हर वक्त एक लड़की से बात करता था। हालांकि उसने घरवालों से कुछ नहीं बताया था। जिस रात हिमांशु घर से निकला वह मोबाइल पर ही लड़की से बात कर रहा था। इसके बाद गुस्से में घर से चला गया था। लड़की भावापुर करेली की है या कहीं और की इस बारे में घरवाले कुछ नहीं बता सके। हिमांशु का मोबाइल नहीं मिला है इसलिए अभी जांच आगे बढ़ नहीं पा रही है।

### पोस्टमॉर्टम से पता चलेगी मौत की वजह

यूं तो माना जा रहा है कि हिमांशु ने प्रेमिका से झगड़ा करने के बाद नए यमुना पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी। घरवालों ने हत्या की आशंका नहीं जताई है। इसके बाद भी कई तरह की चर्चा है।

# आईपीएस रामेंद्र विक्रम सिंह समेत 17 पर एफआईआर का आदेश

## कूटरचित दस्तावेज बनाने, विद्यालय की सोसाइटी के कागजातों में धोखाधड़ी का आरोप

**प्रयागराज।** वरिष्ठ आईपीएस रामेंद्र विक्रम सिंह सहित 17 पर कोर्ट से ऋक्रकरने का आदेश जिला अदालत से हुआ है। शिवकुटी थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिया है। कोर्ट ने कहा-रिपोर्ट दर्ज कर विधि अनुसार विवेचना करें। मामला सोसाइटी के कूटरचित दस्तावेज बनाने, फर्जी हस्ताक्षर करने और धोखाधड़ी से जुड़ा है। प्रार्थिनी बलराम शैक्षिक एवं समाज सुधार समिति सिरहरी मेजा प्रयागराज की सचिव हैं। समिति की ओर से एक महाविद्यालय स्व० बलराम सिंह स्मारक महाविद्यालय दिघारगढ़, बलिया संचालित किया जाता है, जिसकी आवेदिका प्रबन्धक हैं। उनका आरोप है कि विपक्षी रामेन्द्र विक्रम सिंह ने प्रार्थना पत्र में वर्णित अपने 16 सहयोगियों के साथ मिलीभगत करके बेईमानी की मंसा से उमा सिंह सचिव, प्रबन्धन समिति बलराम शैक्षिक एवं समाज सुधार समिति सिरहरी मेजा प्रयागराज के फर्जी हस्ताक्षर करके बेइमानी से कई तारीखों पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए।आवेदिका का आरोप है कि रामेन्द्र विक्रम सिंह ने बेईमानी से 2017 व 2022-2023 के लिए सोसाइटी के सामान्य निकाय के सदस्यों की एक सूची तैयार की। उमा सिंह के फर्जी हस्ताक्षर करके उक्त 16 सदस्यों के साथ षडयंत्र करके मिलीभगत से बनाया। ये फर्जी दस्तावेज तैयार कर सहायक रजिस्ट्रार के कार्यालय में जमा कराए गए हैं। अन्य 16 सदस्यों ने इस फर्जीवाड़े को करने में रामेन्द्र विक्रम सिंह की मदद की है। अदालत ने क्या किया है आदेश अदालत ने कहा-पत्रावली के साथ संलग्न प्रपत्रो के अवलोकन से विपक्षीगण के विरूद्ध प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का कारित होना परिलक्षित होता है, जिसके सम्बन्ध में विवेचना की आवश्यकता है। श्रीमती उमा सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर थानाध्यक्ष शिवकुटी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करना सुनिश्चित करे।

# अचानक स्टेरिंग फेल होने से चार फीट गहरे गड्ढे में घुसी बस, दर्जनों छात्र-छात्राएं घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर से बच्चों को लेकर अंदावा जा रही स्कूल बस की अचानक स्टेरिंग फेल हो जाने से सड़क के किनारे गड्ढे में जाकर रुक गई। गनीमत रही की बस चार फीट गहरे खेत के गड्ढे में फंसने से रुक गई। बस के अचानक गड्ढे में जाने से उसमें बैठे दर्जनों छात्र-छात्राएं चोटिल हो गए। जिन्हें ग्रामीण व अभिभावकों की मदद से स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के लिए ले जाया गया।गुरुवार सुबह अंदावा स्थित एम आर एस स्कूल की बस फूलपुर, इफको, बाबूगंज,चिरौडा, आदि स्थानों से बच्चों को लेकर जैसे ही बगई खुर्द गांव के सामने पहुंची ही थी कि अचानक बस की स्टेरिंग फेल हो गई। इससे तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे खेत के चार फीट गहरे गड्ढे में जाकर एक तरफ झुक गई। अचानक बस में हुए





इस तरह के हादसे से बैठे बच्चे सहम उठे। जहां कई छात्र छात्राओं को हल्की चोटें आ गई। सूचना पर पहुंचे बाबूगंज बाजार निवासी अभिभावक अमर बहादुर ने बताया कि बस में बाबूगंज के कक्षा दसवीं के अनुज कुमार यादव, आकाश कुमार, आदर्श कुमार, तथा 11वीं कक्षा के साक्षी, मनजीत कुमार गुप्ता, नौवी कक्षा की शैलजा यादव, तथा आठवीं कक्षा की सृष्टि यादव को हल्की चोटें आई, जिन्हें स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के बाद सभी अभिभावक अपने घर लेकर चले गए। वही शेष बच्चों को स्कूल द्वारा दूसरी बस मंगवा कर उन्हें उनके घर भेज दिया गया।

### विद्यालय प्रबंधन वाहनों की समय-समय पर फिटनेस की जांच नहीं कराते

घटनास्थल पर पहुंचे अभिभावकों ने आरोप लगाया कि महंगी फीस व प्रत्येक महीने वाहन शुल्क के नाम पर वसूली जाने वाली धनराशि से विद्यालय प्रबंधन वाहनों की समय-समय पर फिटनेस की जांच नहीं कराते हैं। जिससे इस तरह की घटनाएं के आम हो गई हैं।

### मानक के विपरीत बैठाकर भारी भरकम फीस वसूली जा रही

बाबूगंज बाजार निवासी अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबूगंज, फूलपुर झूंसी क्षेत्र में दर्जनों विद्यालयों में खटारा अप्पे,ई रिक्शा तथा मैजिक वाहनों से बच्चों को मानक के विपरीत बैठाकर उनके जीवन से खिलवाड़ करते हुए भारी भरकम पीस वसूली जा रही है।

# साइबर ठगो ने महिला सिपाही के खाते से उड़ाई रकम

## सामान भी खरीदा, साइबर ठगों ने एसीपी कार्यालय में तैनात महिला को बनाया शिकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ऑनलाइन ठगी के मामले रोज सामने आ रहे हैं। साइबर ठगों ने इस बार एक महिला सिपाही को निशाना बनाया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शलवार सूट का विज्ञापन देखकर महिला सिपाही ने बुकिंग की। इसके बाद उसके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने सूट पहुंचाने का विश्वास दिलाकर खाते से कई बार में 72,161 रुपए उड़ा दिए। इतना ही नहीं खाते पर 1.44 लाख रुपए का लोन भी ले लिया। सिपाही को पता चला तो दारागंज थाने में केस दर्ज कराया।

**एसीपी झूंसी के यहां है गाजीपुर की सिपाही की तैनाती :**

महिला सिपाही कुसुम चौहान गाजीपुर में कादीर शाहपुर की रहने वाली है। उनकी तैनाती सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी कार्यालय में है। कुसुम ने ऑनलाइन सूट खरीदने को 2700 रुपए का भुगतान किया। इसके बाद ही साइबर ठगों ने उन्हें निशाने पर लिया। दो दिन बाद सिपाही के मोबाइल पर कॉल का कर कहा गया आपने ऑनलाइन शापिंग की है। सहसों में खड़ा हूं, मेरा जीपीएस बंद हो गया। इसके चलते लोकेशन पता नहीं चल पा रही है। आपको एक बार कोड भेज रहा हूं जिस पर 4660 रुपये भेज दीजिए। इससे जीपीएस ऑन हो जाएगा। मैं आकर आपको रुपए वापस कर दूंगा। विश्वास दिलाने के लिए ठग ने अपने एक अधिकारी का नंबर दिया। सिपाही को विश्वास में लेकर दोनों ने कई बार में 72,161 रुपये उड़ा दिए। इसके बाद महिला शिकायतों में उलझी रही जबकि साइबर ठगों ने एकाउंट पर लोन के जरिए सामान खरीद डाला।

# झूंसी रेलवे डॉट का पुल समय पर निर्माण नही होने पर जनाक्रोश

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** झूंसी में रेलवे अंडर पास पुल काफी पुराना रहा है जो कि नई झूंसी, एडीए कालोनी, कटका, सावित्री नगर, आजाद नगर, सावित्री नगर स्कूल, गारापुर, कोहना, बदरा सोनौटी, लाला मनमोहन दास इंटर कॉलेज आदि को जोड़ता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व शासकीय अधिवक्ता बृज भूषण उपाध्याय ने बताया कि यहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता, स्कूली बच्चे, नौकरी करने वाले सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों के आने जाने का यह एक मात्र रास्ता रेलवे अंडर ब्रिज है। जिसको बनाने के लिए रेलवे ने छः माह का समय लिया था। अब जबकि वह बन कर पूरी तरह तैयार हो चुका है फिर भी उसे अभी बंद किया गया है नहीं खोला गया। इससे पैदल के राहगीर भी नहीं जा पा रहे हैं। इस पूरे क्षेत्र में चौड़ीकारण के लिए काफी मकान और दुकान तोड़े गए हैं जिसके मलबे से नालियां भर के बजबजा रहीं है पूरी सड़क पर गड्ढे में नाली का गंदा पानी और कीचड़ फैल गया जिससे काफी दुर्गंध आती रहती है इससे लोगों का पैदल चलना भी दूभर है। पिछले छः माह से अधिक से सीवर के गड्ढे मलबा, गंदा पानी फैला हुआ है। इस क्षेत्र



में आगे एक रेलवे क्रॉसिंग है जो अक्सर बंद रहती है। इस कारण से छोटे छोटे स्कूली बच्चे ऊपर चढ़ कर रेलवे लाइन पार करके जान जोखिम में डाल कर स्कूल जाने को मजबूर है। बृज भूषण



उपाध्याय ने आगे कहा कि यदि रेलवे ने शीघ्र रेलवे अंडर पास ब्रिज को नहीं खोला तो उच्च अधिकारियों से शिकायत के साथ ही हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

# नैनी में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन

## विशप कान्वेंट स्कूल में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा

**नैनी।** नैनी अखिल भारतीय सनातन परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित संजय पाठक ने कहा है कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नैनी एडीए कॉलोनी स्थित विशप कान्वेंट स्कूल में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सनातन परिषद के संगठन मंत्री संजय पाठक ने बताया है कि परशुराम जयंती के अवसर पर 10 मई को प्रातः 10 बजे विशप कान्वेंट स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह में अनेक विद्वान ब्राह्मण पंडित भाग लेंगे। ध्वजारोहण, माल्यार्पण, पूजा अर्चना के पश्चात भगवान परशुराम के व्यक्तित्व पर व्याख्यान भी होगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

# स्काउट गाइड ने नुक्कड़ नाटक व रैली द्वारा मतदाताओं को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय हिम्मतगंज से एक विशाल रैली को जिला आई टी कोऑर्डिनेटर अनुरागिनी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला संगठन आयुक्त गाइड गायत्री यादव व जिला गाइड कैप्टन प्रवीण सिंह ने रैली की अगुवाई की। रैली के दौरान खुसरो बाग़ गेट, स्टेशन रोड, लुकरगंज, हिम्मत गंज मे लोगो के बीच नुक्कड़ नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। राहगीरों ने नाटक देखने के बाद मतदान का संकल्प दोहराया तथा मतदाता शपथ ली। विद्यालय के स्काउट गाइड बच्चे तथा शिक्षक स्लोगन युक्त तख्ती, बैंड के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए लोगो को 25 मई को होने वाले मतदान के लिए



जागरूक कर रहे थे। रैली के बाद विद्यालय मे स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, जिला समन्वयक एम डी एम राजीव त्रिपाठी,खंड शिक्षा अधिकारी नगर,जिला स्काउट मास्टर फ़िरोज़ आलम खान ने बेसिक शिक्षको द्वारा तैयार नुक्कड़ नाटक टीम की सराहना करते हुए कहा की लगातार लोगो के बीच मतदाता जागरूकता का सन्देश प्रचारित किया जाये तथा 25 मई को अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करें रैली मे श्रद्धा श्रीवास्तव, राशि शर्मा, विनीता, पिंकी वर्मा, सीमा, पुष्पांजलि, अल्का सेठ, मधुरिमा गुप्ता, प्रेम नारायण उमेश द्विवेदी, रेसाल सिद्दीकी सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने प्रतिभाग किया।

# सामान्य प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल एटीएल ग्राउण्ड का किया निरीक्षण

### जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी साथ रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**



एटीएल ग्राउण्ड का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शिता पूर्ण एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिये सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल एटीएल ग्राउण्ड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक ने परिवहन व्यवस्था, मतदान सामग्री एवं ईवीएम व्यवस्था, पानी व्यवस्था एवं अन्य से सम्बन्धित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसों के आने-जाने के लिये एटीएल ग्राउण्ड में दो रास्ते बनाये जाये, ग्राउण्ड में पार्टी रवानगी से एक दिन पहले पानी का छिड़काव कर दिया जाये, कार्मिकों के लिये पंडाल में मेज, कुर्सी लगाया जाये, पार्टी रवानगी के दिन टैड्रफिक व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखी जाये। पोलिंग पार्टियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। सभी अधिकारी सौपे गये दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें और निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, ईओ नगर पालिका राम अचल कुरील, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व पुलिस अधिकारी सहित डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा उपस्थित रहे।

## मतदान दिवस को जनपद में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग के निर्देशानुसार जिला मजिस्टेट्रट/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिये दिनांक 20 मई (सोमवार) निर्वाचन क्षेत्र 50-कौशाम्बी व 25 मई (शनिवार) निर्वाचन क्षेत्र 39-प्रतापगढ़ को जनपद में मतदान दिवस नियत होने के कारण सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जनपद के कोषागार तथा उपकोषागार भी बन्द रहेंगे।

# सम्मान से नवाजी गईं 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली मेधावी छात्राएं

**अखंड भारत संदेश**



स्कूल द्वारा सम्मानित मेधावी छात्राएं।

**प्रतापगढ़।** जेआरडी गर्ल्स इंटर कालेज खरगीपुर में परीक्षा में 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाली सभी कक्षाओं की मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रबंधक राम अभिलाष मौर्य बच्चा ने कहा कि छात्राएं शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। ऐसी छात्राओं को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है, ताकि वे भविष्य में आगे बढ़ सकें। प्रोत्साहित करने से उनके साथ अन्य छात्राओं का मनोबल बढ़ता है। जिससे वह प्रत्येक क्षेत्र में मेहनत करके उपलब्धि हासिल करते हैं। समारोह में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा छह की भूमिका प्रजापति, श्रद्धा सिंह, उम्मे हबीबा, सातवीं सिदरा बानो, श्रद्धा मौर्या, सुदीक्षा, आठवीं में अरीबा बानों, प्रिया विश्वकर्मा, स्वाति गुप्ता,नौवीं ए में चाहत पाल, अंजली पटेल,हुमैरा बानो, नौवीं बी में अंशिका प्रजापति, मानवी सिंह, अलीशा बानो, 11वीं ए में सानिया बानो, खुशी पाल, आकांक्षा शर्मा जबकि 11 वीं बी में स्वीटी विश्वकर्मा,अफीफा अफसार, सृष्टि वैश्य रही। संचालन प्रश्नांत पांडेय ने किया। समारोह में संजना, रुकैया, नीशू सिंह, संजना, प्रियल, गायत्री पाल, अन्नो राय, धर्मेंद्र सिंह, मनोज कश्यप, राकेश यादव, राजकुमार सरोज, आदर्श यादव, गणेशदत्त श्रीवास्तव सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## मतगणना दिवस पर बंद रहेगी आबकारी दुकानें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना के दिन मद्यनिषेध घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन (आबकारी अनुभाग-2) के निर्देशानुसार जिला मजिस्टेट्रट/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने आबकारी अधिनियम की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135(ग) के खण्ड-1 में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतंत्र, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस दिनांक 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होने कहा है कि उक्त अवधि में जनपद की समस्त आबकारी दुकानें (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी एवं एफ0एफ0-16/17 की फुटकर विक्री की दुकानें तथा देशी, विदेशी मदिरा एवं बियर की थोक दुकानें) बन्द रहेगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा।

## दबंग नहीं कराने दे रहे आम रास्ते का निर्माण, तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो बस्तियों को जोड़ने वाले आम रास्ते का निर्माण कार्य गांव के ही कुछ दबंग लोगों द्वारा नहीं करने दिया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीण ने पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के सिरनाथपुर छतेड़ी गांव की रहने वाली फूला देवी सरोज पत्नी राम अवध ने पुलिस को नामजद शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि दो बस्तियों को जोड़ने वाला रास्ता काफी समय से जर्जर था जिसकी मरम्मत एवं निर्माण का कार्य ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है का विरोध गांव के ही कुछ लोगों द्वारा दबंगई के बाल करते हुए निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न करते हुए आमद फौजदारी एवं गाली गलौज की जा रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## समाजसेवी के निधन पर जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजसेवी के निधन पर लोगों ने शोक जताया है। अजगरा निवासी कृष्णचंद्र मिश्र इलाके में गरीब असहायों के मसीहा के रूप में जाने पहचाने जाते थे। वे एक इण्टर कालेज में लिपिक पद से सेवानिवृत्त भी थे। हृदयगति रूकने से पैंसठ वर्ष की अवस्था में ही उनका असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर साहित्यकार राजेश पाण्डेय उर्फ निर्झर प्रतापगढ़ी, आशुतोष सिंह, अशोक पाण्डेय, मृत्युंजय शुक्ल, अनूप शुक्ल, अवधेश सिंह, हरिकृष्ण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, शुभम, आनन्द मिश्र, अतुल, अनिरूद्ध, सुशील सिंह आदि ने संवेदना जतायी है।

## घर में घुसकर हुई चोरी पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात चुरा ले जाने की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा गुरू का पुरवा निवासी विवेक शुक्ल पुत्र स्व. रवीन्द्र नाथ शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एक मई की रात अज्ञात चोर घर में घुस आये। आलमारी में रखे लाखों के गहनें तथा पैंतीस हजार की नकदी और कीमती सामान चुरा ले गये। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विद्यालय से सबमर्सिबल खोल ले गये चोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आमीशंकरपुर में लगा सबमर्सिबल अज्ञात चोर खोल ले गये। प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव व शिक्षकगण गुरूवार की सुबह स्कूल पहुंचे तो विद्यालय के गेट का ताला टूटा देख आवाक रह गये। विद्यालय के अंदर जाने पर सबमर्सिबल पम्प चोरी हो जाने की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मार्ग दुर्घटना में पत्रकार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में पत्रकार के घायल होने पर साथियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। नौबस्ता सांगीपुर निवासी शुभम श्रीवास्तव एक दैनिक समाचार पत्र में संवाददाता हैं। वह अपनी बाइक से प्रतापगढ़ से घर लौट रहे थे। रास्ते में लीलापुर थानान्तर्गत मुल्तानीपुर के पास हाईवे पर मवेशी बचाने में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे शुभम के हाथ व पैर आदि में गंभीर चोटें आ गयी। अमेठी जिले के मुंशीगंज स्थित अस्तपाल में उनका इलाज जारी है। शुभम के घायल होने की जानकारी होने पर साथियों ने उनका कुशलछेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा मृतक पुलिस के परिजनों को सौंपे गये 75 लाख के चेक

### पुलिस लाइन के सभागार में एसपी की मौजूदगी में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



मृतक के परिजनों को चेक देते एसपी व बीओबी के अधिकारी।

**प्रतापगढ़।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, प्रतापगढ़ द्वारा पुलिस लाइन के साईं सभागार में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं बैंक के वाराणसी रीजन-दो के क्षेत्रीय प्रमुख ब्रम्हानंद द्विवेदी द्वारा 75 लाख के चेक हस्तगत किये गए।

बता दें कि जिले में नियुक्त आरक्षी विनय कुमार गौड़ की सेवा के दौरान दुर्घटनाजनित मृत्यु के क्रम में उनकी पत्नी अंतिमा गौड़ को 60 लाख रुपए तथा आरक्षी मनोज कुमार की साधारण मृत्यु के कारण उनकी पत्नी सुनंदा देवी को 15 लाख रुपए का चेक पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से आए हुए श्री ब्रम्हानंद द्विवेदी और लीड बैंक प्रबंधक गोपाल शेखर झा की उपस्थिति में सौंपा गया। पुलिसकर्मी की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बैंक की वेतन भोगी कार्मिकों के सेवारत रहते मृत्यु के उपरांत बैंक द्वारा किए गए निःशुल्क बीमा योजना की सराहना की। उन्होंने बैंक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि बैंक की महत्वपूर्ण योजना व सहयोग से ही यह मुआवजा मिल सका। ब्रम्हानंद द्विवेदी क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, वाराणसी-दो ने विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लाभों पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवा के मध्य परिवार के मुखिया की मृत्यु से पूरा परिवार प्रभावित हो जाता है, परंतु दुख में बैंक द्वारा किए गए बीमा से प्राप्त राशि परिवार के आर्थिक आधार में सहयोगी बनती है। कार्यक्रम का संचालन शिशिर खरे द्वारा किया गया। शाहबाज नवाज ने बैंक की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक रवि कुमार गुप्ता, आशुतोष मिश्रा आरबीडीएम, रोहित राजा, बलीपुर शाखा के प्रबंधक मुदस्सिर तहमीद, वरिष्ठ प्रबंधक अनीता राम, समर बहादुर सिंह, मो. फारुख सहित प्रतिसार निरीक्षक सोमदत्त शुक्ला, प्रेम नारायण मिश्रा, श्याम सुंदर, महेंद्र कुमार, मुन्नू लाल गुप्ता, हरी राम गौड़ सहित तमाम पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## अगई दुर्गा धाम से चोर उठा ले गए हजारों के घंटे

### मंदिर के साथ ही प्रतिवर्ष सेवांक बाबा को बनाते है निशाना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र स्थित पौराणिक अगई दुर्गा धाम में बंधे दर्जनों घंटों को चोर खोलकर उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।यही नहीं चोर एनएच पर स्थित सेवांक बाबा के स्थान को भी प्रतिवर्ष निशाना बनाते है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अगई स्थित पौराणिक दुर्गा मंदिर में बंधे दर्जनों घंटों को चोर खोल ले गए। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं के मन की मुराद पूरी होने पर वह माता के दरबार में घंटे बांधते है। लोगों की मानें तो यहां वर्ष में लगभग दो बार चोर मंदिर को अपना निशाना बनाते हैं। यहां पर श्रद्धालुओं द्वारा बांधे गए घंटों को खोलकर उठा ले जाते हैं। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उनकी छवि आती है, लेकिन नकाबपोश होने की दशा में पहचान नहीं हो पाती है। क्षेत्र स्थित माता का मंदिर हो या फिर एनएच पर स्थित सेवांक बाबा का स्थान हो दोनो को ही चोर हमेशा से निशाना बनाते आए है। कई बार धार्मिक स्थलों पर चोरों द्वारा घंटा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है, लेकिन आज तक स्थानीय पुलिस चोरी का खुलासा करने में नाकाम रही है। वहीं चोरी के संबंध में पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## भाजपा शासन में आमजन परेशानः एसपी पटेल

### रानीगंज क्षेत्र के दर्जनों गांवों में इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**



रानीगंज क्षेत्र के कार्यक्रम में बोलते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने बृहस्पतिवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा रानीगंज क्षेत्र के दिलीपपुर जरियारी बीरपुर, शुरुवा मिश्र (गांधी बाजार) कोठारा, सोनवा, अमरगढ़ सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क एवं बैठक के जरिए अपने पक्ष में जन समर्थन मांगते हुए आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा शासन में आमजन परेशान हैं। रानीगंज की विधानसभा की रोड पूरी तरह से टूट चुकी है जिससे लोगों को बड़ी दिक्कत होती है और आए दिन यहां पर लोग इलाज न होने के चक्कर में मर जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के मान सम्मान के लिए वे सदैव तत्पर हैं। इस मौके पर शकील अहमद, तकदीरूद्दीन, आशुतोष पांडे, डॉ महेंद्र दुबे, सजीवन पांडे, जावेद अहमद, सफ़ात अहमद, राजेश यादव, सुरेश सरोज, शीतल पाल, प्यारेलाल बिंद, विपिन कुमार, विनोद पटेल, आनंद सिंह, रामाश्रय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## राजनीति व्यवसाय नहीं, सेवा करने हम आए मैदान में: प्रथमेश

### रानीगंज में चुनाव कार्यालय का बसपा प्रत्याशी ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**



चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर बोलते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र

**प्रतापगढ़।** बसपा के प्रतापगढ़ संसदीय सीट के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र सेनानी ने कहा कि समाज की सेवा और अच्छे संस्कार मेरे खून में है। मेरे बाबा स्व. चंद्रदत्त सेनानी ने राजनीति की दशा सुधारने के लिए सरकारी नौकरी त्याग दी थी। हम राजनीति को व्यवसाय बनाने नहीं आए, बल्कि जनता का दुख-दर्द बांटने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। गुरुवार को रानीगंज में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद जनसंपर्क में प्रथमेश ने कहा कि युवा को रोजगार देने, बेसहारा पशुओं से किसानों को छुटकारा दिलाने, कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सर्वसमाज बसपा को सपोर्ट कर रहा है। इससे मेरा उत्साह बढ़ रहा है। जनता हमारे साथ है। हर वर्ग आशीर्वाद दे रहा है। इससे विपक्षी उम्मीदवारों में खलबली है। वह जनता को गुमराह कर रहे हैं। जो अब तक मौका पाने के बाद भी प्रतापगढ़ का भला न कर सके, वह आगे क्या करेंगे, इसे वोटर समझते हैं। वह बदलाव लाने को तैयार हैं। बसपा उम्मीदवार प्रथमेश ने कहा कि गांवों में जाने पर भाजपा सरकार के विकास की पोल खुल रही है। इनकी योजनाएं कागजों पर ही हैं। तहसीलों, थानों में पब्लिक की सुनवाई नहीं हो रही है।

# जमीनी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट में मां-बेटे समेत तीन घायल

### चार पहिया वाहन में तोड़फोड़ व आगजनी की तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश में विपक्षियों ने युवक की ईंट पत्थर व लाठी-डंडे से पिटाई शुरू कर दी। बीच बचाव को पहुची मां व बेटी की भी जमकर पिटाई की गई। आरोप है कि इस दौरान चार पहिया वाहन में तोड़फोड़ कर विपक्षियों ने छप्पर में आग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बरहूपुर गांव के रहने वाले रवि कुमार गौतम पुत्र संतलाल का आरोप है कि पड़ोसी से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश को लेकर विपक्षी एकराय होकर बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे के आस-पास उसके घर पर गाली-गलौज करते हुए चढ़ आए और ईंट व लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुन उसकी मां उर्मिला देवी व बहन काजल बीच बचाव करने पहुंची तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। अपनी जान बचाने के लिए जब तीनों घर के भीतर भागे तो विपक्षी घर का दरवाजा तोड़कर भीतर घुस गए और घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही तीनों को जमकर पीटा। पिटाई से रवि कुमार बेहोश हो गया। इस दौरान घर के बाहर खड़ी चार पहिया वाहन में तोड़फोड़ करने के साथ विपक्षियों ने छप्पर में आग लगा दी। जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। गांव में घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व आगजनी की घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों द्वारा इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घायल मां-बेटी का उपचार चल रहा है। कोतवाल आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया शिकायती पत्र मिला है मामले की जांच पड़ताल में पुलिस जुटी है। आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का हुआ समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण, खुशी

### संयुक्त अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गुरूवार को तहसील सभागार में समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्दु त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत शुक्ल निराला तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल, सह मंत्री वेदव्रत त्रिपाठी तथा प्रचार मंत्री विनोद शर्मा, आय व्यय निरीक्षक हरिनारायण पाण्डेय व सदस्य कार्यकारिणी के रूप में आशुतोष द्विवेदी, मो0 असलम, सतीश पाण्डेय, मो. दानिश को पद का शपथ दिलाया।

निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने निर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह को प्रभार सौंपा तो अधिवक्ताओं की तालियां गूंज उठीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संचालन समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। अध्यक्ष संदीप सिंह ने कार्यक्रम में संघ की कार्यकारिणी की पहली बैठक का एजेण्डा रखा। वहीं कार्यक्रम मे साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम में एल्डर कमेटी के राम मोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, वीरेन्द्र सिंह अगई, लाल राजेन्द्र सिंह, राधारमण शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, राव वीरेन्द्र सिंह, बेनीलाल शुक्ल ने अधिवक्ता हितों की प्रतिबद्धता के लिए नई कार्यकारिणी का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व कार्यक्रम का संयोजन उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर राजेश तिवारी, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, संतोष पाण्डेय, उमाशंकर मिश्र, प्रमोद सिंह, शहजाद अंसारी, हरिशंकर द्विवेदी, शिवेन्द्र तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, सिंटू मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर हुए भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, करणी सेना के तत्वावधान में नगर के सदर चैराहे पर महाराणा प्रताप की जयंती पर भव्य आयोजन हुआ।

अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय सचिव राणा सुबेदार सिंह चैहान राज भवन मेंढावा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना जबर सिंह, मण्डल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह प्रधान ढेकाही, प्रदेश सचिव सभाजीत सिंह एडवोकेट ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक, नगर अध्यक्ष आर बी सिंह, पूर्व जिला सहायक निदेशक सूचना, नगर महामंत्री डीपी सिंह पूर्व प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक, अनुज सिंह जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, धर्मेन्द्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव संतोष कुमार सिंह, रोहित सिंह जिला अध्यक्ष करणी सेना, नरसिंह बहादुर सिंह पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, चंद्रभान सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंझनपुर कस्बे में बूंद बूंद पानी को परेशान नगर वासी

अखंड भारत संदेश

**अधिकारी नेता ठेकेदार बंद बोतल का पानी पीते हैं और आम जनता को दुर्गंध युक्त पानी की सप्लाई करते है यह नगर का विकास है, नगर में पानी की समस्या का समाधान सरकार और जन प्रतिनिधियों द्वारा ना किए जाने के बाद विकास की बात करना बड़ी शर्मनाक बात**



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के विभिन्न मोहल्ले में पानी की सप्लाई की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है मंझनपुर मुख्यालय के कई मोहल्ले में नगर के लोगों को जल निगम से पानी नहीं मिल रहा है गर्मी के दिनों में पानी के लिए नगर के हजारों लोग बिलबिला रहे हैं कुएं सूख गए हैं हैंडपंप ठीक से चल नहीं रहे हैं जल निगम से पानी मिल नहीं रहा जनता परेशान है नेता सत्ता और सरकार की बात कर रही है जबकि जनता ने 7 वर्ष पहले ही प्रदेश की सत्ता योगी को सौप दी देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 10 वर्षों से जनता ने मौका दिया दो वर्ष पहले मंझनपुर नगर पालिका के बिकास की जिम्मेदारी भाजपा अध्यक्ष को दे दी गई लेकिन उसके बाद मंझनपुर नगर के कई मोहल्ले के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं और चुनाव के दौरान नेता बड़े-बड़े विकास की बात कर रहे है मौका मिलने के बाद भी जिस नगर में पानी की समस्या का समाधान सरकार और उनके जनप्रतिनिधियों द्वारा ना किया गया हो और उनके द्वारा विकास की बात की जा रही हो इससे बड़ी शर्मनाक बात क्या होगी बीते दिनों ओसा रोड के समाजवादी पार्टी कार्यालय और टेंपो स्टैंड के आसपास पानी की समस्या पर चर्चा की गई थी जहां तीन वर्षों से नगर के लोगों को पानी नहीं मिल सका है जबकि पानी सप्लाई के नाम पर करोड़ों का बजट ठेकेदार अधिकारी और नेताओं ने मिलकर निकाल लिया है अब मंझनपुर के वार्ड नम्बर 5 सरदार नगर कोर्रो रोड में नगर के लोगों को लंबे समय से पानी नहीं मिल रहा है सरकारी खजाने से पाइप खरीदने के बाद जल निगम ने पाइप सड़क पर खुला छोड़ दिया है वर्षो बाद आज तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी पुराने पाइप से जो पानी मिल रहा है उसमें तेजी से दुर्गंध है जिसे पीने की बात छोड़िए नहाने लायक भी पानी नहीं है जिससे बीमारी उत्पन्न हो रही है अधिकारी नेता ठेकेदार बंद बोतल का पानी पीते हैं और आम जनता को दुर्गंध युक्त पानी की सप्लाई करते हैं यह मंझनपुर नगर का विकास है लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद नई पाइप लाइन से पानी की सप्लाई नगर पालिका मंझनपुर नहीं शुरू कर सका है और नगर पालिका फिर विकास की बात कर रहा है सरकार बनाने को यह जनता से वोट देने की अपील कर रहे है विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधि और ठेकेदार ने मिलकर इस क्षेत्र में पानी सप्लाई का बजट भी डकार लिया है आम जनता बार-बार पानी की मांग कर रही है लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं है चुनाव के समय नेता बार-बार फिर सरकार बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन बीते समय में सरकार की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद बजट खाली हो गया लेकिन नगर में विकास की योजनाएं नहीं लागू हो सकी है।



# डायट में त्रैमासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी में उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य श्रीमती भारती त्रिपाठी के नेतृत्व में त्रैमासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। प्रथम एवं द्वितीय चरण में क्रमशः मूरतगंज,कड़ा एवं चायल, सिराथू के शिक्षक संकुलों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया। सुश्री निधि शुक्ला वरिष्ठ प्रवक्ता डायट कौशांबी ने डाटा आधारित समीक्षा करते हुए सभी शिक्षक संकुलों को निपुण विद्यालय बनाने संबंधी एवं छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु कार्य योजना बनाने, एसएमसी मीटिंग शिक्षक संकुल मीटिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से प्रतिमाह शत-प्रतिशत आकलन करने, प्रतिदिन प्रभावी संवाद करने , स्मार्ट क्लास संचालन, संबंधी,स्विफ्ट चैट एप का अधिकाधिक प्रयोग करने, दीक्षा मैपिंग करने ,दीक्षा एप पर आयोजित विभिन्न ऑनलाइन प्रशिक्षण करने, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, मीना मंच, समय सारणी, शिक्षक डायरी, प्रभावी शिक्षण हेतु विभिन्न उपागम ,क्लास रूपांतरण हेतुशिक्षक संदर्शिका, वर्क बुक,बिग बुक, मैथ किट, विज्ञान किट, उत्कृष्ट टी एल एम,शिक्षण योजना ,छात्रों की प्रतिभागिता निपुण तालिका भरने हेतु डाटा आधारित समीक्षा करते हुए चर्चा की गई। शिक्षक संकुल द्वारा प्रस्तुतीकरण भी किया गया। डायट मेंटर्स डॉ0 वंदना सिंह, डॉ0 अनामिका सिंह, सुश्री शबनम सिद्दीकी, स्टेट रिसोर्स पर्सन डॉ0 दिलीप तिवारी, एवं श्री ओमप्रकाश सिंह ने उक्त बैठक में योगदान दिया। त्रैमासिक शिक्षक संकुल बैठक का संचालन धीरज कुमार प्रवक्ता निपुण भारत मिशन प्रभारी डायट कौशांबी ने किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता, डायट स्टॉफ, शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक संपन्न



अखंड भारत संदेश


**कौशांबी।** अराजनैतिक भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक 09 मई को सरसंवा ब्लाक प्रांगण में जिला प्रवक्ता चन्द्रभूषण की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में किसानो के विभिन्न समस्या पर बोलते हुए कहा गया कि सरकार चुनाव में मस्त है और किसान अपनी समस्या में पस्त हैं। किसानों का गेंहूँ तौल ढंग से नही कराया जाता है और ना ही उनका पैसा समय से मिल पाता है। बैठक में सरसवां ब्लाक क्षेत्र के एक गांव में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत से काला बाजारी कर ग्राम विकास का पैसा गबन किए जाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। ग्राम पंचायत पश्चिम शरीरा के 3653 रकबा नवीन परती शासन के रोक के बावजूद उक्त नवीन परती में मूंग की फसल दबंगों द्वारा बोई गयी है इस विषय पर भी बैठक चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे की अगुवाई में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला और निस्तारण पर रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुखय रूप से राकेश सिंह बच्चालाल, दिनेश सिह, धर्म, पवन कुमार मिश्र, लक्ष्मी कान्त मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे हैं।

# मतदान कार्मिकों को 10 से 13 मई तक दिया जायेंगा प्रथम/द्वितीय प्रशिक्षण

**कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में दिनांक 10, 11 एवं 12 मई 2024 को 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक तथा 13 मई 2024 को प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतदान अधिकारी तृतीय को प्रथम/द्वितीय प्रशिक्षण दिया जायेंगा यह जानकारी प्रभारी अधिकारी (कार्मिक/ प्रशिक्षण)/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने देते हुए बताया कि मतदान कार्मिकों को 10, 11, 12 एवं 13 मई को प्रशिक्षण दिया जायेंगा। प्रत्येक पाली में 800 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेंगा, इस प्रकार कुल 5600 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# ढाई लाख कीमत के पशुओं को चोर गिरोह के सदस्य ले जाने में कामयाब

**दो दशक से थाना पुलिस और पशु चोर गैंग खेल रहे लुकाछिपी का खेल गिरोह को समूल समाप्त करने की ओर नही हुई पहल, रामचंद्र यादव के घर से चोरी आठ लाख रुपए के जेवरात का खुलासा करने में पुलिस नाकाम**



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के पशु चोर पूरे जिले में सक्रिय हैं और आए दिन लोडर वाहन से गांव क्षेत्र में पहुंचकर पशुओं की चोरी कर पशु उठा ले जाते हैं पूरे जिले की थाना पुलिस को करारी थाना क्षेत्र के इस गांव के चोरों की जानकारी होने के बाद पशु चोरों पर थाना पुलिस लगाम नहीं लगा रही है पशु चोरी में लगे इन लोगों ने एक पार्टी का चोला भी ओढ़ लिया है जिससे पुलिस उनके चोरी के धंधे को बंद करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रही बीते दिन पशु चोरों से पुलिस की मुठभेड़ भी हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी पशु चोर गैंग को समूल समाप्त करने की ओर थाना पुलिस पहल नहीं कर रही है पुलिस और पशु चोर लुका छुपी का खेल बीते 25 वर्षों से खेल रहे हैं जिससे पशुपालक परेशान है और आए दिन कहीं ना कहीं चोर गिरोह के गैंग के सदस्य धावा बोलकर पशु चोरी कर ले जाते हैं उसके बाद तहरीर दी जाती है पुलिस जांच के नाम पर लीपा पोती करती है ना तो पशु चोर गिरफ्तार होते हैं ना चोरी की घटनाएं रुकती है एक दो मामले में खुलासा करके पुलिस बड़ी-बड़ी बात करने लगती है लेकिन तमाम घटनाओ का वर्षों बाद भी खुलासा नहीं हो सका है बीती रात फिर चरवा थाना क्षेत्र से ढाई लाख कीमत के पशुओ को चोर गिरोह के सदस्य ले जाने में कामयाब हो गए हैं। चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा में बीती रात नलकूप पर बंधी तीन भैंस व एक पडिया चोर खोल ले गए जानकारी के मुताबिक जियालाल प्रजापति पुत्र राम अवतार प्रजापति के निजी नलकूप के बाहर तीन भैंस व एक पडिया बंधी हुई थी नलकूप के अंदर नलकूप मलिक का लड़का सो रहा था चोरों ने दरवाजे को बाहर से रस्सी से बांध दिए थे और तीन भैंस व एक पडिया खोलकर लगभग पांच बीघे दूर ले जाकर धमसेड़ा रोड पर लादकर ले जाने में कामयाब हो गए चरवा पुलिस की रात्रि गस्त न करने से गरीब मजदूर किसान की लगभग सवा दो लाख रुपए कीमत की तीन भैंस व एक पडिया खोलने में चोर कामयाब हो गए बताते चलें कि लगभग छः महीना पहले रामचंद्र यादव के घर पर लगभग आठ लाख रुपए के कीमती जेवरात चोरों ने पार कर दिए थे आज तक चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित रही।

# खराब सड़क के चलते हादसे में महिला हुई घायल

**नेताओं का आम जनता की जिंदगी से कोई लेना-देना नहीं है**



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत प्रयागराज मंझनपुर हाईवे पर वृहस्पतिवार रात लगभग 10 बजे दम्पति मारुत लाल काजीपुर से अपने घर रसूलपुर गिरसा जा रहा था, सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य की वजह से कहीं -कहीं मिट्टी खोदी गयी है जिससे पूरी सड़क बाधित थी सैता गाँव के पास मारुत लाल की दोपहिया वाहन फिसल गयी जिससे बाइक पर पीछे बैठी मारुतलाल की पत्नी शकुंतला 33 वर्ष बाइक से छिटकक़र गिर गयी जिससे उसको चोटे आ गयी। उसी रास्ते से गुजर रहे संजय ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने चोटिल शकुंतला को सरकारी अस्पताल मूरतगंज में भर्ती करवाया है हादसे में बाइक सवार पति बाल बाल बच गया है सड़क निर्माण के दौरान आम जनता को आने-जाने के लिए ठेकेदारों ने सर्विस रोड नहीं दी है जबकि निर्माण कार्यों की गाइडलाइन में साफ-साफ लिखा हुआ है कि सड़क की मरम्मत और निर्माण के दौरान पहले सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए आम जनता के आवागमन का रास्ता बहाल हो फिर सड़क का निर्माण शुरू हो लेकिन पूरी सड़क ठेकेदार चौपट कर देते हैं रास्ता बर्बाद हो जाता है अधिकारी से लेकर नेता तक ठेकेदारों की मनमानी पर रोक नहीं लगाते हैं जिसका शिकार आम जनता होती है लेकिन उसके बाद मंच माइक से यह नेता लंबी चौड़ी बात करते है इन नेताओं का आम जनता की जिंदगी से कोई लेना-देना नहीं है।



# मनौरी में समाजवादी पार्टी का जनसंपर्क अभियान तेज, घर-घर जाकर कर रहे सम्पर्क

**मनौरी कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी का व्यापारिक क्षेत्र मनौरी बाजार में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव कैलाश चंद्र केसरवानी और समाजवादी पार्टी के कौशाम्बी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष केसरवानी की अगुवाई में सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारिक क्षेत्र मनौरी बाजार में घर घर जाकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संपर्क किया और समाजवादी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया।

# बरेठी लोधउर वाया औधन मार्ग पूरे रास्ते दुर्दशा का शिकार

**नेवादा कौशाम्बी।** चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ से बरेठी लोधउर वाया औधन मार्ग पूरे रास्ते जगह-जगह पर दुर्दशा का शिकार है हर 5 मीटर के बाद सड़क पर बड़े गड्ढे हैं जिससे हाथ पैर टूट जाने का बराबर खतरा बना रहता है इस रास्ते में लोगों को आने-जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है कई गांव के लोगों का इस रास्ते से आना जाना होता है लेकिन उसके बाद बड़ी-बड़ी बात करने वाले समाज के ठेकेदार जन प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान नहीं किया है नेता मंच से लंबी चौड़ी बात करते हैं लेकिन गांव क्षेत्र में लोगों को सड़क नहीं मिल सकी हैं कई बार योगी सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़क की बात की है अभिलेखों में अधिकारियों ने सड़क को गड्ढा मुक्त कर दिया और नेता अधिकारियों का जयकारा लगाते रह गए अधिकारियों के भ्रष्टाचार को नेता देखते रह गए लेकिन योगी सरकार के 7 वर्षों के कार्यकाल में भी तमाम सड़क नहीं बन सकी है और जो सड़के बनी है इस क्षेत्र में उसकी मरम्मत नहीं हो सकी है लोधउर गांव मे मस्जिद से राजसिंह के घर तक 500 मीटर सड़क नही बनाई गई है इसके दोनों तरफ सड़के बनी हुई है लेकिन बीच के हिस्से में सड़क नहीं बनाई गई है जिससे ऊबड़खाबड़ रास्ते में लोगों को आना-जाना पड़ता है इस रास्ते मे हमेशा पानी भरा रहता है जिससे गांव के लोगों को बाइक और साइकिल से निकलने में कितनी दिक्कत होती होगी पैदल चलना भी मुश्किल है गांव के किसी लोगों के घर चार पहिया वाहन से रिश्तेदारों का आना होता है तो इस रास्ते से आना मुश्किल ही होता है लेकिन इन नेताओं को सब कुछ आल ओके दिखाई पड़ रहा है सड़क न बनने के पीछे अधिकारी और ठेकेदारों के बीच क्या साठगाँठ हुई है इस बारे में कोई कुछ कहने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है अब चुनाव आते ही सत्ता दल सहित विपक्ष के नेता मंच और माइक के माध्यम से लंबी चौड़ी डींग हॉक रहे हैं लेकिन उन्हें हकीकत उसके बाद भी नहीं दिखाई पड़ रही है कि आजादी से अब तक सपा बसपा भाजपा कांग्रेस सब की सरकार होने के बाद भी गांव की जनता को आने-जाने के लिए रास्ते नहीं मिल सके हैं जिससे आम जनता के बीच इन नेताओं के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और जिसका खामियाजा लोकसभा चुनाव के मतदान में देखने को मिलेगा।



# शाम होते ही राहगीरों को सताने लगता है अपराधी व चोरों का भय

**चम्बल की घाटी मे तब्दील इलाका में जमती है जुआ की फड़, इस बीहड़ क्षेत्र में कई वर्ष से एक भी दिन थाना चौकी पुलिस ने पैदल गस्त नहीं किया**



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी लोधौर के अंतर्गत औधन गांव को जाने वाले रास्ते के अगल-बगल चारों तरफ कई किलोमीटर दूर तक चम्बल के बीहड़ जैसे इलाका है जहां अपराधियों की चहल कदमी हमेशा बनी रहती है और घटनाओं को अंजाम देने के लिए अपराधी गैंग के लोग बीहड़ में एकत्रित होते हैं इस बीहड़ क्षेत्र में आए दिन जुआरी भी एकत्रित होते हैं सुनसान स्थान होने से पुलिस की भी नजर नहीं पहुंचती है जिससे जुआ का खेल आसानी से चल रहा है पूरे दिन तो कुछ ठीक रहता है लेकिन शाम होते ही बीहड़ जैसे क्षेत्र में लोगों को आने-जाने में भय सताने लगता है इलाके की पुलिस इस बीहड़ क्षेत्र में कभी गस्त भी नहीं करती है जिससे अपराधी बेखौफ रहते हैं पुलिस महानिदेशक ने पुलिस कर्मियों को प्रतिदिन पैदल गस्त करने का निर्देश कई वर्षों पहले दिया था लेकिन इस बीहड़ क्षेत्र में कई वर्ष से एक भी दिन थाना चौकी पुलिस ने पैदल गस्त नहीं किया है केवल बाजार की आबादी के बीच में कुछ दूरी चलकर के फोटो खींच करके सोशल मीडिया ट्वीटर एक्स पर पैदल गस्त की फोटो वीडियो शेयर करने तक चौकी और थाना पुलिस सीमित रह गई है इस बीहड़ क्षेत्र में कभी क्षेत्राधिकारी ने भी पैदल गस्त कर अमन चैन भाई मुक्त वातावरण बनाने का प्रयास नहीं किया है अपराधियों की गतिविधियों पर भी कभी नजर डालने का प्रयास थाना और चौकी पुलिस द्वारा नहीं हुआ है पिकेट की ड्यूटी भी इस बीहड़ क्षेत्र में पुलिस जवानों की नहीं लगाई जाती है और जिन जवानों की पिकेट की ड्यूटी लगाई जाती है वह बीहड़ क्षेत्र में कभी दिखाई नहीं पड़ते हैं पुलिस गस्त के दौरान आमजन मानस से संवाद करने की बात करने वाली थाना चौकी पुलिस इस क्षेत्र में जब कभी गस्त ही नहीं करती है पिकेट की डियूटी पर पुलिस दिखाई भी नही पड़ती तो आम जनता से वह कैसे संवाद स्थापित करेंगी और कैसे आमजन मानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाएगा जिससे पुलिस के पैदल गस्त की हवा निकल रही है इलाके के लोगों ने इस बीहड़ क्षेत्र में पैदल गस्त और पिकेट की ड्यूटी लगाए जाने की मांग पुलिस अधिकारियों से की है जिससे क्षेत्र के लोग भय मुक्त वातावरण में आवागमन कर सकें और अपराधियों की चहल कदमी पर रोक लगा सके।

# महिला पर बार-बार हमला पुलिस तमाशबीन एसपी से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**चौकी पुलिस की गतिविधियां ठीक नहीं है हमला करने वालों से चौकों पुलिस साठगाँठ कर चुकी है**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा गांव में दलित महिला और उसकी नाबालिग बेटी पर जेठ बार बार हमला कर रहा है लेकिन चौकी पुलिस तमाशबीन बनी हुई है और हमला करने वाले जेठ का लगातार साथ दे रही है जिससे हमलावर के हौसले बुलंद है मामले को लेकर पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की हैजानकारी के मुताबिक ग्राम सभा बरियावा थाना चरवा की एक दलित महिला के दो जेठ तथा उनकी पत्नी आए दिन महिला से बार-बार मारपीट करते हैं 6 मई 2024 को दोनों जेठ और जेठानी ने मिलकर बाल पकड़कर जमीन पर पटक पटक कर लात घूसा से बेरहमी से महिला को मारा गाली गलौज किया सिर का बाल उखाड़ लिया बदनीयती से महिला की जबरिया धोती खोल दिया और शरीर के नाजुक अंगों को छूने लगा जेठ की नियत खराब थी किसी तरह जान और इज्जत बचाकर महिला भाग गयी इसके पहले भी दोनों जेठ मारपीट गाली गलौज कर चुके हैं नाग पंचमी के त्यौहार के दिन महिला की नाबालिग बेटी के साथ भी दोनों जेठ मारपीट गाली गलौज कर चुके हैं ईट से बालिका को मार दिया है जिससे उसे चोट आई मामले की तहरीर चौकी पुलिस को कई बार दी जा चुकी इसके पहले भी कई बार दोनों जेठ मारपीट गाली गलौज महिला के साथ कर चुके महिला के कपड़े उतारने का प्रयास जेठ कर रहा हैं महिला ने हर बार मामले की सूचना चौकी पुलिस को दिया लेकिन किसी बार भी चौकी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की महिला का कहना है कि जेठ की नियत अच्छी नहीं लग रही है 6 मई को मारपीट की घटना के बाद चौकी पुलिस को तहरीर दी लेकिन चौकी पुलिस ने मामला नहीं दर्ज किया और दबाव डाल रहे कि समझौता कर लो अपनी एप्लीकेशन वापस ले लो नहीं तुम्हें और तुम्हारे पति को शांति भंग की धारा में उल्टा जेल भेज देंगे चौकी पुलिस की गतिविधियां ठीक नहीं है हमला करने वालों से चौकों पुलिस साठगाँठ कर चुकी है।

# भ्रष्टाचारियों का जमावडा है विपक्षी गठबंधनः जेपी नड्डा



मतदाताओं को जागरूक करते लोग।

## आरके को जिता मोदी को बनायें प्रधानमंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी जनसभा में विपक्षियों पर हमले बोले। कहा कि घमंडी गठबंधन में शहजादे भाई एकत्र हैं। मोदी बोलते हैं कि भ्रष्टाचारी हटाओ, ये बोलते है कि भ्रष्टाचारी बचाओ। गठबंधन में भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है।



जनसभा को सम्बोधित करते जेपी नड्डा।



मंच पर जेपी नड्डा का स्वागत करते भाजपाई।

गुरुवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेडीपुलिया में हुई चुनावी जनसभा में कहा कि ये सब परिवारवाद की पार्टियां हैं। आजकल राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं। उन्होंने राहुल से कहा कि कभी किताब पढ़ भी लिया करें। कांग्रेस दलित, पिछड़े, आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालना चाहती है। धर्म के नाम पर आरक्षण करना चाहती है। चमड़ी पर बांटने वाले लोग भारत की संस्कृति से खिलवाड़ करना चाहते हैं। कांग्रेस के लोग भारत जोड़ो यात्रा नहीं, बल्कि भारत तोड़ो यात्रा चला रहे हैं। ये जोड़ते नहीं है, ये भारत के टुकड़े-टुकड़े गैंग में शामिल है। उन्होंने बांदा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताने की अपील करते हुए उमडे जनसैलाब से कहा कि इस पावन धरती पर भगवान राम ने साढे ग्यारह वर्ष बिताये थे। यहां आकर खुद को धन्य समझता हूं। महाराणा प्रताप की जयंती पर चित्रकूट की पावन भूमि से उन्हें याद कर नमन किया। उन्होंने कहा कि दस साल पहले भारत के सामान्य नागरिक के मन में ये विचार घर कर चुका था कि अब कुछ बदलने वाला नहीं है। राजनीति ऐसे ही चलती रहेगी। यहां गुंडों का राज चलता रहेगा। मोदी ने भारत की राजनीति में सब कुछ बदला है। ये चुनाव भाजपा को तो जिता रहे हैं, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर चल पड़े हैं। दस साल पहले भारत की राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद, व्यक्तिवाद, भ्रष्टाचार, वोटबैंक व तुष्टिकरण चलता था। मोदी ने दस साल में जातिवाद, क्षेत्रवाद, तुष्टिकरण की राजनीति से लोहा लेते हुए विकासवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से देश बदल रहा है। देश में रिपोर्ट कार्ड, जवाबदेही, विकासवाद सबको साथ लेकर चलने की राजनीति चल रही है। ये मोदी की संस्कृति है।

जो कहा वो किया। जो नहीं कहा, वो भी किया। मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात कर गांव, गरीब, शोषित, वंचित, पीड़ित, युवा, किसान, महिलाओं को मजबूती देने का काम किया। एक समय उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था। आज मोदी-योगी की अगुवाई में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो गया है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में चित्रकूट को भी शामिल किया है। यहां आने से चित्रकूट- बांदा की तस्वीर बदल जाएगी। यहां के नौजवानों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। ये घमंडिया गठबंधन केवल दो बातों का गठबंधन है। जनता-जनार्दन से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि सभी लोगों के प्रयास से मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से देश विकसित भारत बनेगा। उद्योग को कारखाने लगेंगे। राम वन गमन पथ बन रहा है, जो रामेश्वरम तक जायेगा। इस मौके पर सूबे के मंत्री रामकेश निषाद, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी, बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, चित्रकूट जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे। संचालन भाजपा जिला मंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया।

## युवा उद्योग व्यापार मंडल ने मतदाताओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** युवा उद्योग व्यापार मंडल व बैंक ऑफ बड़ौदा ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत बैंक परिसर से की।

गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि/एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम आलोक सिंह ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में मतदान करें। अपने आसपास लोगों को मतदान को प्रेरित करें। शाखा प्रबंधक राकेश मिश्र ने कहा कि बैंक लगातार लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहा है। युवा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल गुप्ता व महामंत्री अंकित पहारिया ने कहा कि संगठन की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। 20 मई को होने वाले लोस चुनाव में चित्रकूटवासी बढ़-चढकर वोट करें। इस मौके पर युवा व्यापार मंडल प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता, मोहित जैन, शुभम गुप्ता, राम गुप्ता, दीपक, यश केसरवानी, रोहित कश्यप, जेके गुप्ता, बलवीर सिंह, अभय, रविंद्र, राकेश सिंह, देवेंद्र, वंदना, रामनरेश, संदीप मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, बाबूलाल, देवेंद्र आदि मौजूद रहे। अंत में अतिथियों का युवा नगर अध्यक्ष शुभम पहारिया ने आभार जताया।

## अस्तित्व बचाने को एकजुटता से करें मतदानः मयंक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** छीबो गांव में बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने समर्थक गुरु प्रसाद मिश्रा, लल्लू प्रसाद पांडे, बब्बू पयासी, पंकज पांडे, अनु मिश्रा, कल्लू समदरिया, विपुल शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला व मालिक सिंह ठाकुर, लाल बहादुर ठाकुर, राम बहादुर ठाकुर व रंगनाथ गौतम, लुल्ला तिवारी, बब्बू सिंह ठाकुर, राम बहादुर, दीपू डॉक्टर, संतोष गुप्ता, रामविलास पांडे, रज्जू पांडे, डॉ साहब बेरवा आदि के साथ गांव भ्रमण किया।



बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी।

गुरुवार को बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने छीबों गांव में सबसे मिलते हुए आशीर्वाद लिया। उन्होंने मतदान की सभी से अपील की। कहा कि एकजुटता के लिए मतदान बेहद जरूरी है। ये अस्तित्व बचाने का चुनाव है। बहन- बेटियों की सुरक्षा को लड़ाई लड़ी जा रही है। इनकी दादागिरी खत्म कर सर्व समाज को गाली देने वाले को अब बेनकाब होना चाहिए। बालू का अवैध खनन करने वालों के उत्पीड़न से छुटकारा पाने को सर्व समाज को एकजुट होकर हाथी को भारी मतों से जिताने की अपील की। बांदा-चित्रकूट लोकसभा की जनता से अपील किया कि एक-एक वोट की चोंट सभी लोग करें।

## डीएम-एसपी ने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, देवकली के शिक्षक रामकेश पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में दोनों पालियों में लोस चुनाव मतदान बाबत सभी प्रक्रिया व ईवीएम में मतदान बाबत जानकारी देने को विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण किया।

गुरुवार को डीएम-एसपी ने प्रशिक्षण कक्ष में मतदान बाबत मास्टर ट्रेनर्स के दिये जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनरों से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने मतदान कर्मियों से कहा कि लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने में आप



मतदान प्रशिक्षण का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

लोगों की अहम भूमिका रहती है। चुनाव में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने को जरूरी है कि सभी लोग सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया खासतौर पर ईवीएम मशीन संचालन बाबत सभी तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लें। किसी प्रकार की शंका हो तो समाधान अवश्य कर लें। मास्टर ट्रेनरों ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण 12 कक्षाओं में चल रहा था। 120 पोलिंग पार्टियां प्रथम पाली व 120 पोलिंग पार्टियों द्वितीय पाली में प्रशिक्षण लिया। पोलिंग पार्टियों में पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने पोलिंग पार्टियों से कहा कि अच्छी तरह से मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को समझ लें। मतदान दौरान किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें। आप लोगों को किसी प्रकार का मद्य निषेध व धूम्रपान कोई नहीं करेगा। ये सुनिश्चित कर लें कि मतदान कर्मियों के लिए 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर विधानसभा में बनाये पोस्टल बैलेट/ईडीसी से मतदान बूथों का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण के निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवकली रामकेश प्रथम मतदान अधिकारी को शराब के नशे में मिलने पर तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम मोहम्मद जसीम, सतीश चन्द्र, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, बीएसए लव प्रकाश यादव समेत संबंधित अधिकारी व मतदान कार्मिक मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण से गैरहाजिर दो शिक्षकों-दो बैंक कर्मी पर रिपोर्ट के आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में मतदान कराने को ड्यूटी लगने के बाद शिक्षण से गैरहाजिर कर्मचारियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने दिए हैं। गुरुवार को लोकसभा चुनाव की प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कॉलेज में लोस चुनाव के मतदान को पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण कराया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की मीनाक्षी, आर्यावर्त बैंक अमानपुर के सहायक प्रबंधक अभिषेक कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक श्वेताम्बरी सोनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गाहुर के अनुदेशक मूलचन्द्र गैर हाजिर रहे। इनके खिलाफ लोकसभा चुनाव 2024 के कार्य में लापरवाही/उदासीनता बरतने बाबत नियमानुसार सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## पाठा की जनता से किस मुंह से नेता मांगेंगे वोट

### बूंद-बूंद पानी को आज भी तरस रहे आदिवासी, शिकायत पर नहीं होता निदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बूंद-बूंद पानी की अहमियत जानने को एक बार पाठा क्षेत्र के गांवों की ओर चलें। आदिवासियों को कई किलोमीटर पैदल चलने के बाद बमुश्किल से पीने के पानी का जुगाड़ हो पाता है। सवेरे से पानी को जंगलों के बीहड़ों व तालाबों में जाते हैं, तब कहीं कुछ पानी मिलता है।

गुरुवार को पाठावासियों के बूंद-बूंद पानी को तरसने का खुलासा हुआ। पाठा क्षेत्र के टिकरिया जमुनिहाई के आदिवासियों के लिए विकास सिर्फ दिखावा के सिवाय कुछ नहीं है। नमामिगंगे घर-घर जल मिशन में पाठा क्षेत्र के गांवों में पानी नहीं है। जिले के ज्यादातर इलाके पहाड़ी व जंगलों से भरे हैं। इन गांवों में पानी की पाइपलाइन बिछी जरूर है, वह शोपीस है। हैंडपंप भी हैं, सभी खराब पड़े हैं।

आदिवासियों ने कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को चेताया, कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। अब इन आदिवासियों ने



पेयजल के संसाधनों के हाल-बेहाल।

मीडिया से गुहार लगाई है कि दुनिया भर में पहचान कायम करने वाले चित्रकूट में आज भी पानी की समस्या है। यहां के आदिवासी हर दिन पीने के पानी को बीहड़ों-तालाबों में जाते हैं। तब जाकर मुश्किल से पीने के पानी का जुगाड़ हो पाता है। इसीलिए इन उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर लोगों को पानी का जुगाड करना पडता है।

आदिवासियों ने बताया कि गांव में हैंडपंप तो हैं, किसी के पाइप फटे हैं तो किसी में पानी नहीं आता। गांव में पाइप लाइन भी बिछाई है, पानी नहीं आता। गांव के आसपास किसानों के खेत में कुआ है, जहां कुछ पानी है, वहां से ही पीने के पानी का जुगाड़ हो पाता है। उसके लिए कोसों दूर जाना पड़ता है।

पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण मानिकपुर ब्लाक व जिला मुख्यालय जाते हैं तो कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अधिकारियों समेत नेताओं से शिकायत कर चुके हैं। पांच साल में नेता उनके गांव आते हैं। चुनाव दौरान बड़े-बड़े वायदे करते हैं। लगता है अब उनके घरों तक पानी पहुंच जाएगा। ये वायदा आजादी के बाद से कभी पूरा नहीं हुआ। प्रधान कभी गांव के ग्रामीणों की ओर घूम कर नही देखता। जिन मासूमों के हाथ में किताब या खिलौने होने चाहिए, उस उम्र में पीने के पानी को फिरते रहते हैं। घर में पीने के पानी का जुगाड़ करने को बच्चे पानी की तलाश में साथ जाते हैं।

## जांच टीम ने देशी पिस्टल समेत युवक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराध पर अंकुश लगाने को टीमों ने विभिन्न बैरियर पर जारी जांच अभियान में बरगढ़ थाने की एफएसटी टीम ने मोटरबाइक से जा रहे अखिल कुमार पाठक उर्फ सचिन पाठक पुत्र उमेशचन्द्र पाठक गडरा मजरा रेरा थाना घूरपुर जिला प्रयागराज के कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। शस्त्र अधिनियम के तहत मोटरबाइक सीजकर युवक को जेल भेजा है। टीम में दरोगा राजेश कुमार यादव, सिपाही रंजीत यादव व शिवम राजपूत शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## एक वारंटी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा राजोल नागर ने आबकारी अधिनियम के वारंटी कामता पुत्र रामबालक इन्द्रानगर को गिरफ्तार किया।

## दो के कब्जे से 29 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 29 लीटर महुआ शराब बरामद की है। गुरुवार को बहिलपुरवा थाने के दरोगा यूटी अनुभव वर्मा ने पप्पू पटेल पुत्र मतगंजन प्रसाद खांच मजरा रुकमा बुजुर्ग के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राजीव सिंह ने रज्जू यादव पुत्र राजबहादुर कसहाई के कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है।

## बसपा के पुराने कार्यकर्ता चुन्नू हुए भाजपाई

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता/पदाधिकारी राज किशोर त्रिपाठी उर्फ चुन्नू ने बसपा की नीतियों से आहत होकर एक सैकड़ा समर्थकों समेत भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में बेड़ीपुलिया में हुई जनसभा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

गुरुवार को बसपा नेता राजकिशोर त्रिपाठी ने 1995 से बसपा में शामिल होकर राजनीति शुरू की थी। तब से आज तक बसपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। इधर, बसपा की नीतियों से आहत



भाजपाई बने राजकिशोर।

होकर बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। क्षेत्र के तमाम लोगों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। मानिकपुर क्षेत्र में भाजपा में उनके शामिल होने से जनाधार बढ़ा है।

## जिला जज ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पारिवारिक विवाद के बाद मुकदमा दायर कर 18 माह से अलग रहे पति-पत्नी के बीच मध्यस्थता केन्द्र में गुरूवार को सुलह हुई। न्यायालय परिसर से ही लड़की को ससुराल भेजा गया।

गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मध्यस्थता केन्द्र में पारिवारिक विवाद में सुलह हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि रीना बनाम अमित धारा 125 सीआरपीसी व रीना उर्फ सिंकी बनाम अमित उर्फ सुमित धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के वाद रीना ने परिवार न्यायालय में दायर किया था। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने दोनों पत्रावलियों को



सुलह करते जिला जज।

सुलह-समझौते को संदर्भित किया। 18 माह से परिवार न्यायालय ने इस मामले में मध्यस्थ अधिवक्ता रविशंकर शुक्ला के प्रयास से सुलह हो गया। दोनों पक्ष एक साथ रहने को सहमत हुए। सुलहनामा दायर कर साथ रहने को न्यायालय परिसर से ही लड़की को ससुराल भेजा गया।

## जीआरपी ने छह फोन समेत शातिर चोर दबोचा

**मानिकपुर/चित्रकूट।** थाना जीआरपी मानिकपुर टीम ने ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से छह चोरी के मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 90 हजार रुपये बताई गई है, बरामद किया। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा की अगुवाई में टीम ने रेलवे स्टेशन मानिकपुर प्लेटफार्म चार सतना आउटर के आगे एक शातिर चोर को अभिषेक साकेत उर्फ विशाल पुत्र वीरेन्द्र साकेत रानी तालाब वार्ड 38 कोतवाली रीवां मप्र को दबोच छह चोरी के मोबाइल फोन बरामद किये।

## दस माल वाहक वाहनों का किया चालान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर माल वाहक वाहनों ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवारी बैठाकर यात्रा करने वाले दस वाहनों को चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति आरटीओ को भेजी गई। ऐसे वाहनों से 215000 रुपये का जुर्माना लगाया।गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जारी वाहन जांच अभियान में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले ट्रैक्टर-ट्राली आदि अन्य माल वाहक वाहनों से यात्रा कर रहे लोगों को वाहनों में यात्रा दौरान होने वाले खतरों के प्रति सचेत किया। प्रवर्तन की कार्यवाही कर दस माल वाहक वाहनों को चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति को एआरटीओ को भेजा। ऐसे वाहनों पर 215000 रुपये का ई-चालान कर जब्त किया।



वाहनों की जांच करते टीएसआई।

# इजराइल को अमेरिका से लगा बड़ा झटका, अब नहीं मिलेगा शक्तिशाली बम, राफा में मचा सकता है तबाही

**वाशिंगटन:** संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में हमास की भूमिगत सुरंगों को निशाना बनाने के लिए इजराइल को दिए जाने वाले 2,000 पाउंड के शक्तिशाली बम देने पर रोक लगा दी है. अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका 1,800 बमों के साथ-साथ 1,700 और 500 पाउंड के बमों की खेप रोक रहा है. देश ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब इजराइल हमास को जड़ से उखाड़ने के प्रयास में दक्षिणी गाजा शहर राफा पर हमले की योजना बना रहा है

अमेरिका को चिंता है कि राफा में 1 मिलियन से अधिक शरणार्थियों आश्रा लिए हुए हैं. ऐसे में बम बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकते हैं. बता दें कि ह्यूमन राइट्स ग्रुप लंबे समय से कह रहे हैं कि इजराइल के शक्तिशाली बमों के इस्तेमाल के कारण फिलिस्तीनी नागरिकों की अंधाधुंध हत्याएं हो रही हैं.

इस संबंध में अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सीनेट पैनल को बताया कि राफा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के लिए छोटे, अधिक सटीक हथियारों की जरूरत है. हालांकि, हम यह भी सुनिश्चित करते रहेंगे कि इजराइल के पास अपनी रक्षा के लिए आवश्यक साधन मौजूद रहें. हम वर्तमान में राफा में सिक्योरिटी असिस्टेंट शिपमेंट की समीक्षा कर रहे हैं.

**अमेरिका को 2000 पाउंड के बम की चिंता क्यों है?**

अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में अपने विमानों से 2,000 पाउंड के बम गिराए थे. इसका मौजूदा वर्जन वियतनाम युद्ध के समय का है. यह हवा से गिराया जाने वाला हथियार है, जो अधिक भार ले जा सकता है.

**जमीन के अंदर और ऊपर टारगेट भेदने के लिए बना है बम**

फाउंडेशन फॉर द डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज सेंटर ऑन मिलिट्री एंड पॉलिटिकल पावर के एक वरिष्ठ रिसर्चर रयान ब्रॉबस्ट ने कहा कि यह अमेरिकी के बड़े हथियारों में से एक है. 2,000 पाउंड के बम के कई प्रकार हैं - कुछ को जमीन के अंदर टारगेट



को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि कुछ जमीन के ऊपर विस्फोट करते हैं और बड़ा नुकसान करते हैं. इसके विस्फोट का दायरा एक चौथाई मील तक हो सकता है.

इस बम को सैनिक लड़ाकू जेट से जमीन पर गिराने के बजाय, टारगेट तक गोला-बारूद का ले जाने में सक्षम बनाती है. यह बम काफी सटीक होती है. घनी आबादी वाले इलाके में इसका सटीक प्रहार अनपेक्षित लोगों को मार सकती है. इजरायल पर 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद अमेरिका ने इजरायल को 2,000 पाउंड का गोला-बारूद प्रदान किया. इसके अलावा अमेरिका ने इजराइल को अन्य प्रकार के हथियार दिए हैं.

**किस तरह के बम इस्तेमाल कर रहा है इजरायल?**

इजराइली सेना ने इस बारे में बेहद कम जानकारी दी है कि वह गाजा में किस तरह के बम और तोप का इस्तेमाल कर रही है. हालांकि, घटनास्थल पर पाए गए विस्फोट के टुकड़ों और स्ट्राइक फुटेज के विश्लेषण से पता चला है कि इलाके में गिराए गए अधिकांश बम यूएस निर्मित हैं. उनका कहना है कि 2,000 पाउंड के बमों ने घनी आबादी वाले इलाकों में सैकड़ों लोगों की जान ले ली है.

ब्रॉबस्ट ने कहा कि राफा में हमास के सुरंग नेटवर्क पर हमला करने में इजराइल की सहायता के लिए 2,000 पाउंड के बमों की अभी भी जरूरत है. हथियार विशेषज्ञ और रिटायर अमेरिकी वायु सेना के मास्टर सार्जेंट वेस ब्रायंट ने कहा कि 2,000 पाउंड बम का न होना इजराइली शस्त्रागार के लिए एक बहुत बड़ा झटका होगा.

उन्होंने बताया कि इजराइल ने गाजा में अपने युद्ध अभियान में 2,000 और 500 पाउंड के बम का जमकर इस्तेमाल किया है. ये हथियार रेथियॉन, नॉर्थ्रॉप, लॉकहीड मार्टिन, जनरल डायनेमिक्स और जनरल एटॉमिक्स जैसे प्रमुख अमेरिकी हथियार कंपनियों ने बनाया था.

पिछले महीने स्टेट एंड डिफेंस डिपार्टमेंट की स्वतंत्र टास्क फोर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिकी सूत्रों ने अपने सदस्यों में से एक को सूचित किया कि युद्ध के पहले छह महीनों के दौरान गाजा में 300,000 बम या गोलीबारी की गई थी. मीडिया जांच से पता चलता है कि अकेले इजराइली अभियान के पहले महीने में गाजा में 2,000 पाउंड के बमों के कम से कम 500 क्रेटर यूज किए थे.

गौरतलब है कि राफा में 2,000 पाउंड के बमों का संभावित इस्तेमाल हो सकता है. यहां करीब 1 मिलियन से अधिक लोगों ने शरण ले रखी है, क्योंकि उनके पास जाने के लिए कोई और जगह नहीं है. इसने अमेरिकी प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है.

**इजराइल ने दी प्रतिक्रिया**

इस बीच इजराइल ने अमेरिका के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की. संयुक्त राष्ट्र में उसके राजदूत गिलाद एर्दान ने इजराइली चैनल 12 टीवी न्यूज को दिए क इंटरव्यू में कहा कि वह 2000 पाउंड बम पर अमेरिका की रोक से निराश हैं. यह एक बहुत ही निराशाजनक फैसला है. यह कदम बाइडेन पर राजनीतिक दबाव, कैंपस विरोध और आगामी चुनाव के चलते लिया गया है.

# पाकिस्तान: पुलिस और वकीलों में हिंसक झड़प में 25 घायल, 50 गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक अदालत के बाहर बुधवार को पुलिस और वकीलों के बीच हुई हिंसक झड़प में 25 से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद पुलिस ने 50 वकीलों को गिरफ्तार कर लिया और इसके खिलाफ बार काउंसिल ने गुरुवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी से जुड़े वकीलों के खिलाफ आतंकवाद के मामले दर्ज करने और अधीनस्थ अदालत को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के मुद्दे पर यहां माल रोड पर लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के बाहर वकीलों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

पुलिस और वकीलों के बीच मॉल रोड युद्ध का मैदान बन गया। दंगा पुलिस ने प्रदर्शनकारी वकीलों पर लाठीचार्ज किया, उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं।

पंजाब पुलिस ने दावा किया कि उसने 50 से अधिक वकीलों को गिरफ्तार किया है, जिसके तुरंत बाद पाकिस्तान बार काउंसिल ने पंजाब पुलिस की कथित बर्बरता के खिलाफ गुरुवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। झड़प के दौरान दो दर्जन से अधिक वकील और पुलिसकर्मी घायल हो गये। लाहौर के वरिष्ठ पुलिस



अधिकारी कामरान फैसल ने कहा, घायलों में दो वरिष्ठ अधिकारियों सहित कम से कम 14 पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। फैसल ने दावा किया कि वकीलों ने पहले पुलिस पर पथराव किया और जवाब में उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पानी की बौछार की गई।

दोनों पक्षों में झड़प जारी रहने के बीच पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पुलिस महानिरीक्षक डॉ उस्मान अनवर को वकीलों के खिलाफ बल प्रयोग से बचने का निर्देश दिया।

# पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के पास छह आतंकियों को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान सीमा से सटे उत्तर पश्चिम क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वां और उत्तर वजीरीस्तान में सघन छापेमारी कर बुधवार को छह आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने यह जानकारी दी। फौज ने एक बयान में कहा कि खैबर पख्तूनख्वां के डेरा इस्माइल खान जिले में एक स्थान पर छापेमारी के दौरान पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया। बयान में मृत चरमपंथियों का ब्यौरा नहीं दिया गया है और सिर्फ इतना कहा गया है कि वह सुरक्षा बलों पर पहले हुए हमलों में शामिल थे। वहीं, उत्तर वजीरीस्तान में एक अन्य स्थान पर छापेमारी कर एक आतंकवादी को मार गिराया गया। उत्तर वजीरिस्तान पाकिस्तान तालिबान का कभी गढ़ रहा था। पाकिस्तानी सेना ने मृत आतंकवादी की पहचान उजागर नहीं की है।

# ब्राजील में तूफान में 100 की मौत, 1 लाख घर क्षतिग्रस्त





**साओ पाउलो। दक्षिण** ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ की वजह से कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 100,000 घर नष्ट हो गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ म्युनिसिपैलिटी ने बुधवार को एक अपडेट में कहा कि राज्य में उफनती नदियों और बाढ़ से लगभग 1.45 मिलियन लोग प्रभावित हुए हैं और लगभग दो लाख लोग अपने घरों से भागने के लिए मजबूर हुए हैं। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के आंकड़ों के आधार पर, 29 अप्रैल से राज्य में खराब मौसम का दौर शुरू हुआ, जिसमें 99,800 घर या तो पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे राज्य के 497 शहरों में से 414 शहर तूफान से प्रभावित हुए हैं और आपात स्थिति की घोषणा की गई है। बुनियादी ढांचे के साथ-साथ कृषि, पशुधन, उद्योग, वाणिज्य और सेवाओं को 4.6 बिलियन रियल (लगभग 904 मिलियन डॉलर) का आर्थिक नुकसान हुआ है।

केवल एक सप्ताह में, रियो ग्रांडे डो सुल में पांच महीने के बराबर बारिश हुई, जिससे भयानक बाढ़ आ गई।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने हरियाणा मूल के दो भाइयों को किया गिरफ्तार

**मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने एमटेक छात्र की हत्या के मामले में वॉन्टिड भारतीय मूल के दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है. गॉलबर्न पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने 26 साल के अभिजीत और 27 साल के रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया था. पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है.

दोनों भाई नोबल पार्क के निवासी नवजीत संधू की हत्या के बाद रविवार तड़के फरार हो गए थे. रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस ने गुरुवार को गार्टन के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप लगाया, जबकि अभिजीत पर मारपीट का आरोप लगाया गया।

उन्हें गुरुवार सुबह गॉलबर्न लॉकल कोर्ट के सामने पेश किया गया, जहां उनको विक्टोरिया प्रत्यर्पण करने की अनुमति दे दी गई.

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# शी चिनफिंग की सर्बिया के अखबार में प्रकाशित लेख को मिल रही सराहना

**बीजिंग।** सर्बिया की राजकीय यात्रा से पहले चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सर्बिया के अखबार पर लेख प्रकाशित किया। इस लेख का शीर्षक है, "लोहे की तरह मजबूत दोस्ती की रोशनी से चीन और सर्बिया के बीच सहयोग की राह को रोशन करें।"

शी चिनफिंग का यह लेख विभिन्न जगतों के लोगों के बीच तीव्र प्रतिध्वनि पैदा कर रहा है। उन्होंने सर्बिया की राजकीय यात्रा के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का स्वागत किया और यह विश्वास प्रकट किया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनीतिक विश्वास को गहरा करेगी, व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करेगी और दोनों पक्षों के बीच मजबूत दोस्ती में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

चीन में सर्बियाई चैंबर ऑफ कॉमर्स और उद्योग प्रतिनिधि कार्यालय की निदेशक जेलेना स्टेफनोविक ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा प्रकाशित यह लेख



लोगों के दिलों में उष्मा पैदा करता है और सर्बिया और चीन के बीच मजबूत दोस्ती के जोरदार विकास को दशार्ता है।

सर्बियाई अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था संस्थान की उप निदेशक इवोना राजवैक ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा प्रकाशित लेख में चीन और सर्बिया के बीच दोस्ती की व्याख्या से अत्यधिक सहमत हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश और लोग हमेशा बिना किसी हिचकिचाहट के एक-दूसरे की मदद करते हैं, जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। सर्बियाई राजनीतिक वैज्ञानिक अलेक्जेंडर पाविक ने कहा कि सर्बिया ने चीन के साथ सहयोग के माध्यम से विकास के अवसर और सच्ची दोस्ती हासिल की है।

"स्वच्छ सर्बिया" परियोजना के मुख्य इंजीनियर अलेक्जेंडर वोज्वोडिक ने कहा कि चीन सर्बिया का सबसे महत्वपूर्ण भागीदार है और सर्बिया यूरोप में चीन का दृढ़ और विश्वसनीय भागीदार है।

# श्रीलंका में 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो :** श्रीलंका के चुनाव आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि वह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच राष्ट्रपति चुनाव कराएगा. में डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग के चेयरमैन आर.एम.ए.एल. रत्नायके ने कहा कि वह संविधान के प्रावधानों के अनुसार निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर राष्ट्रपति चुनाव कराएंगे. इस संबंध में जारी नोटिस में कहा गया है कि चुनाव आयोग 17 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच राष्ट्रपति चुनाव कराएगा.

बता दें, श्रीलंका में आखिरी बार राष्ट्रपति चुनाव नवंबर 2019 में हुआ था. समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कई दलों ने चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. चुनाव आयोग श्रीलंका के डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक के संविधान के प्रावधानों और 1981 के राष्ट्रपति चुनाव अधिनियम संख्या क5 के संदर्भ में और शक्तियों के आधार पर निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन मांगेगा। चुनाव आयोग के अध्यक्ष आर एम ए एल रथनायके ने एक बयान में कहा कि चुनाव की तारीख तय करने का अधिकार चुनाव आयोग को दिया गया है, वह 17 सितंबर 2024 और 6 अक्टूबर 2024 के बीच राष्ट्रपति चुनाव कराएगा। श्रीलंका की प्रमुख पार्टियां चुनाव की तैयारी कर रही हैं. जहां कुछ पार्टियों द्वारा अपने उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए ढीला गठबंधन बनाने की उम्मीद है. श्रीलंका के सेंट्रल बैंक के गवर्नर नंदलाल वीरसिंघे ने इस सप्ताह की शुरूआत में चेतावनी दी थी कि यदि भविष्य की कोई भी सरकार वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित आर्थिक नीतियों और सुधारों में बदलाव करती है तो देश 2022 के संकट में वापस जा सकता है.

# इमरान खान ने 9 मई के विरोध प्रदर्शन पर माफी मांगने से किया इनकार

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक ने पाकिस्तान-तहरीक-इंसाफ (पीटीआई) के साथ बातचीत से इनकार कर दिया है. उनका कहना है कि जब तक पार्टी नेतृत्व पिछले साल के 9 मई के विरोध प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगता, कोई बातचीत नहीं होगी.

पीटीआई प्रमुख और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई के विरोध प्रदर्शन पर माफी मांगने से इनकार कर दिया है. पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, अडियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले में अदालती कार्यवाही के बाद जब पत्रकारों ने इमरान खान से पूछा कि क्या वह 9 मई के विरोध प्रदर्शन के लिए माफी मांगेंगे, तो उन्होंने ना में जवाब दिया.

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 'उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही उन हिंसक विरोध प्रदर्शनों की निंदा की थी. मुझे विरोध प्रदर्शन के बारे में तब पता चला जब मैं पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश के सामने पेश हुआ था. मैं उस समय हिरासत में था और उन विरोध प्रदर्शनों से अनजान था.' पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इमरान खान ने कहा, 'मैं पाकिस्तान के हित के लिए बातचीत चाहता था न कि व्यक्तिगत लाभ के लिए कोई समझौता करना.

मुझे सेना से कोई दिक्कत नहीं है, यहां तक ??कि मेरे करीबी रिश्तेदार भी सशस्त्र बलों और नौकरशाही में सेवारत हैं.' 9 मई 2023 को पीटीआई प्रमुख को पाकिस्तान में एक अदालत कक्ष से गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद लोगों ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान देश के कई प्रमुख प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया गया. पाकिस्तानी सेना ने देश में विरोध प्रदर्शन के लिए इमरान खान को दोषी ठहराया है. इमरान खान का कहना है कि यह सेना ही थी जो उनकी पार्टी और उसके नेतृत्व को झूठे मामलों में फंसाने के लिए इन हमलों के पीछे थी।

# नेपाल में गहराता सियासी संकट, कोशी प्रदेश में दूसरे मुख्यमंत्री की नियुक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रदेश में सियासी संकट गहराता जा रहा है। यहां एक मुख्यमंत्री के रहते राज्यपाल ने दूसरा मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया है। इससे मौजूदा मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई होने की संभावना है। दरअसल, कोशी प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री केदार कार्की को बहुमत साबित करने को कहा गया था लेकिन उन्होंने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए बहुमत सिद्ध करने और पद छोड़ने से इंकार कर दिया। इस बीच नेपाल में एक महीने पहले बदले राजनीतिक समीकरण के कारण राज्यपाल परशुराम खापुंग ने 52 विधायकों से समर्थन पत्र लेने के बाद एमाले के नेता हिक्मत कार्की को प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया है। राज्यपाल के इस कदम को असंवैधानिक बताते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री केदार कार्की ने सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर की है। सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश के निधन के कारण गुरुवार को रिट पर कोई सुनवाई नहीं हो पाई। कार्की ने बताया है कि शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई की जा सकती है।

# नेपाल के कोशी प्रदेश में सरकार गठन पर संवैधानिक संकट

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रदेश में सरकार गठन पर संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है। राज्यपाल परशुराम खापुंग की मध्यरात्रि जारी एक अधिसूचना से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। अधिसूचना में नए मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के लिए दो दिन का समय दिया गया है।

नेपाल के संविधान की धारा 168 की उपधारा 5 के मुताबिक प्रदेश सभा सदस्य को आवश्यक बहुमत सहित मुख्यमंत्री पद पर दावा पेश करने को कहा गया है। यह अधिसूचना ऐसे समय में जारी की गई है, जब प्रदेश में नेपाली कांग्रेस के नेता केदार कार्की मुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं। उन्होंने विपक्ष में रही एमाले पार्टी के साथ मिल कर बहुमत साबित किया था। कार्की ने अधिसूचना को असंवैधानिक बताते हुए कहा है कि वो इसके खिलाफ अदालत में रिट दायर करेंगे।

कार्की की नियुक्ति भी संविधान की धारा 168 के उपधारा 5 के अन्तर्गतकी गई थी। यह सरकार बनाने के अंतिम विकल्प के तौर पर संविधान में उल्लेख है। अगर कोई प्रदेश सरकार संविधान की इस धारा के तहत सदन में अपना विश्वास खो देती है या मुख्यमंत्री पद त्याग देता है तो इसके बाद प्रदेश सभा को भंग किया जा सकता है। आज एमाले के नेता हिक्मत कार्की मुख्यमंत्री पद पर दावा पेश करने वाले हैं। कार्की काठमांडू पहुंच कर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले हैं।

# चीन के तीसरे विमान वाहक जहाज का पहला परीक्षण पूरा



**बीजिंग।** चीन का टाइप 003 विमान वाहक जहाज बुधवार दोपहर तीन बजे आठ दिवसीय पहला नेविगेशन परीक्षण मिशन पूरा कर सफलतापूर्वक शांगहाई स्थित घाट पर वापस लौट आया।

बताया जाता है कि यह चीन का तीसरा विमान वाहक जहाज है। परीक्षण के दौरान इसने बिजली, विद्युत और अन्य व्यवस्थाओं और उपकरणों का परीक्षण किया और अपेक्षित प्रभाव प्राप्त किया। अगले चरण में यह विमान वाहक जहाज पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार परीक्षण कार्य करेगा।

# राफा हमले से पहले हमास युद्धविराम के मसौदे पर सहमत नहीं था : अमेरिका

**वाशिंगटन :** अमेरिकी सरकार ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें कहा गया कि इजरायली सेना के रफा शहर में सैन्य अभियान शुरू करने से कुछ समय पहले हमास ने युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी. वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'हमास ने युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया. हमास ने जवाब दिया और अपनी प्रतिक्रिया में कई सुझाव दिए. यह स्वीकार करने जैसा नहीं है.' मैथ्यू मिलर ने बताया कि चर्चा का मसौदा अप्रैल के अंत में किया गया एक प्रस्ताव था. उन्होंने कहा, 'यह वह प्रस्ताव है जो टेबल पर था. ऐसा लगा कि हमास ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है. लेकिन ऐसा नहीं है।